प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र



# न्यूज़ वाणी

कुर्मी मतदाता कभी एक पार्टी से बंधे नहीं रहे! पेज- 2

www.newswani.in

पेज- 8 ओम घाट में उमड़ा आस्था का सैलाब, गंगा में लगाई डुबकी

वर्ष : 15 अंक : 236 | सोमवार 18 अगस्त, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## बारिश में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे को लेकर जनता दर्शन पहुंची महिला, सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिया आर्थिक सहायता का आश्वासन

(एजेंसी) लखनऊ। मां अपनी बच्चे की खुशियों के लिए हर बाधा को पीछे छोड़ देती है। यह सोमवार को भी चरितार्थ हुआ, जब मूसलाधार बारिश में अपने बच्चे को लेकर सीतापुर की रोली 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपनी पीड़ा बताई। उन्होंने बताया कि उनका बच्चा थैलेसीमिया से पीड़ित है। उसके इलाज के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। यह सुन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चे के सिर पर हाथ फेरा और उसे शीघ्र स्वस्थ होने का आशीर्वाद दिया। फिर इलाज के लिए तत्काल एस्टिमेट मंगवाकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सीएम से यह आश्वासन पाकर रोली की आंखों में चमक आ गई। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया। 'जनता दर्शन' में बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता का अनुरोध लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा देते हुए कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं बनेगी। सरकार निरंतर आर्थिक सहायता दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल के एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से



इलाज के लिए धनराशि दी जाएगी। सीएम योगी ने अपनत्व के भाव से 'कहां से आए हैं, क्या परेशानी है', कहते हुए एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने भरोसा दिया कि सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी परेशान होने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। पुलिस, राजस्व, चिकित्सा, जमीन कब्जा आदि से जुड़े प्रार्थना पत्रों पर भी उन्होंने समयबद्ध निस्तारण व कार्रवाई का निर्देश दिया।

# नितिन नबीन की नई बीजेपी टीम का ऐलान

## स्मृति ईरानी महासचिव तो वसुंधरा राजे-राम माधव को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सोमवार को अपनी नई राष्ट्रीय टीम का ऐलान कर दिया। करीब सात महीने पहले पार्टी अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद नबीन की टीम का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। नई टीम में कई पुराने चेहरों को बरकरार रखने के साथ कुछ प्रमुख नेताओं को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है, जबकि राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और भाजपा के वरिष्ठ नेता राम माधव को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है नितिन नबीन की नई टीम में स्मृति ईरानी की नियुक्ति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अमेठी की पूर्व सांसद और केंद्रीय मंत्री रह चुकीं ईरानी को पार्टी संगठन में महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। वह राष्ट्रीय स्तर पर संगठन के कामकाज में अहम भूमिका निभाएंगी। नई टीम में कुल आठ राष्ट्रीय महासचिव बनाए गए हैं। इनमें सुनील बंसल, विनोद तावड़े, बिप्लब देव, स्मृति ईरानी, सतीश पूनिया, गजेंद्र पटेल, हरीश द्विवेदी और संजय भाटिया शामिल हैं। भाजपा ने राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



बनाया है। वहीं, पार्टी के वरिष्ठ नेता राम माधव की भी संगठन में वापसी हुई है। उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राम माधव पहले भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव के तौर पर संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। नई टीम में कुल 11 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इनमें वसुंधरा राजे, राम माधव, तीरथ सिंह रावत, बैजयंत जय पांड्या, रेखा वर्मा, डी. पुरंदेश्वरी, वी. नरेंद्र भाई दोषी, लाल सिंह आर्या, एम. नागराज, तारिक मंसूर और मधुचंद्र कर शामिल हैं। नई राष्ट्रीय टीम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें राजेश अग्रवाल की जगह पार्टी का राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं राजेश मंगल को सह-कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। संगठन के स्तर पर कुछ महत्वपूर्ण पदों में बदलाव नहीं किया गया है। अनिल बलूनी पहले की तरह पार्टी के मीडिया प्रभारी बने रहेंगे। वहीं बीएल संतोष राष्ट्रीय संगठन महासचिव के पद पर यथावत रहेंगे। इससे संगठन में निरंतरता बनाए रखने का संकेत माना जा रहा है। नितिन नबीन के भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद से ही उनकी राष्ट्रीय टीम के गठन को लेकर लगातार चर्चा थी। करीब सात महीने बाद पार्टी ने नई टीम की घोषणा की है। नई टीम में अनुभव और संगठनात्मक क्षमता के साथ अलग-अलग राज्यों के नेताओं को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की गई है। पार्टी के सामने अगले कुछ वर्षों में कई महत्वपूर्ण चुनावी चुनौतियां हैं। ऐसे में राष्ट्रीय संगठन में नई नियुक्तियों को भाजपा की आगामी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम का गठन ऐसे समय हुआ है, जब पार्टी 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों को गति देने में जुटी है। उत्तर प्रदेश भाजपा के लिए राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण राज्य है। ऐसे में राष्ट्रीय संगठन में किए गए बदलावों के जरिए पार्टी चुनावी रणनीति, संगठन विस्तार और राज्यों में समन्वय को मजबूत करना चाहती है। नई टीम के सामने संगठन को मजबूत करने के साथ आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की चुनौती होगी। खास तौर पर उत्तर प्रदेश के अलावा उन राज्यों पर भी पार्टी का ध्यान रहेगा, जहां आने वाले समय में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## राम मंदिर चढ़ावा मामले में एससी सख्त, एसआईटी को जल्द जांच पूरी कर तार्किक नतीजे तक पहुंचने का सख्त निर्देश

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावे में कथित हेराफेरी की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) से कहा कि वह अपनी जांच तेजी से पूरी करे और उसे तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाए। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने एसआईटी को निर्देश दिया कि वह कथित चढ़ावा चोरी मामले की जांच में हुई प्रगति पर अपनी वस्तुस्थिति रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में दाखिल करे। पीठ ने अदालत द्वारा नियुक्त एसआईटी से यह भी कहा कि वह जांच की गुणवत्ता और पारदर्शिता में सुधार के लिए न्यायालय के सामने अलग-अलग पक्षकारों द्वारा दिए गए किसी भी सुझाव पर निष्पक्ष रूप से विचार करे। इसने कहा कि एसआईटी की रिपोर्ट की पड़ताल के बाद, न्यायालय राम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा दिए जाने वाले दान के प्रबंधन में सुधार के लिए कुछ निर्देश जारी कर सकता है। शीर्ष अदालत ने 27 जुलाई को कथित चढ़ावा चोरी की जांच के लिए पुलिस



महानिरीक्षक किरण एस की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी के गठन का संज्ञान लिया था। इसने उत्तर प्रदेश सरकार से कहा था कि जांच टीम में एक फॉरेंसिक ऑडिटर भी शामिल किया जाना चाहिए। यह उल्लेख करते हुए कि सुधारात्मक कदम उठाने होंगे, पीठ ने कहा था कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। पीठ ने एसआईटी को दो हफ्ते में वस्तुस्थिति रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया था। इसने 20 जुलाई को उत्तर प्रदेश सरकार से कहा था कि वह मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित करने की संभावना के बारे में जानकारी दे। पीठ ने 13 जुलाई को उत्तर प्रदेश पुलिस को इस मामले में वस्तुस्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था।

## 'दिमागी नक्सल' वाले बयान पर सियासत तेज, केजरीवाल बोले- 'हां, मैं हूं दिमागी नक्सल'

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस भाषण में 'दिमागी नक्सल' शब्द के इस्तेमाल के बाद राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। दोनों नेताओं ने सवाल उठाया कि सरकार की नीतियों पर सवाल करना, पेपर लीक जैसे मुद्दों पर आवाज उठाना और जनहित से जुड़े मामलों को उठाना क्या 'नक्सलवाद' माना जाएगा? अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री के भाषण के अंश को साझा करते हुए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में लिखा, "हां, मैं दिमागी नक्सल हूं।" केजरीवाल ने अपने पोस्ट में युवाओं और नागरिकों से जुड़े कई मुद्दों का जिक्र करते हुए पूछा कि क्या व्यवस्था से सवाल पूछने वालों को भी इसी श्रेणी में रखा जाएगा। उन्होंने पेपर लीक के खिलाफ आवाज उठाने वाली ळमर्द और बेहतर स्कूलों की मांग करने वाले बच्चों का उदाहरण देते हुए सवाल किया कि क्या अपने अधिकारों और सुविधाओं के लिए आवाज उठाना 'दिमागी नक्सलवाद' है। केजरीवाल ने कहा कि देश के युवाओं और नागरिकों को बुनियादी मुद्दों पर सवाल पूछने का अधिकार है। आप सांसद संजय सिंह ने भी प्रधानमंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर पेपर लीक के खिलाफ आवाज उठाने वाले युवा और बेहतर शिक्षा की मांग करने वाले बच्चे 'दिमागी नक्सल' हैं तो फिर इस शब्द की परिभाषा को लेकर सरकार को स्पष्ट करना चाहिए। संजय सिंह ने सरकार पर राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों को लेकर तंज भी कसा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में वास्तविक समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि, भाजपा की ओर से इन आरोपों पर अलग राजनीतिक रुख सामने आया है। 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि देश में हिंसक और हथियारबंद नक्सलवाद कमजोर हुआ है, लेकिन कुछ लोग विचारों के स्तर पर समाज को भ्रमित करने और देश को गलत दिशा में ले जाने की कोशिश कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसे तत्वों को लेकर देशवासियों को सतर्क रहने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हेंअलग-थलग किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री के बयान में किसी विशेष राजनीतिक दल या नेता का नाम नहीं लिया गया था। इस मुद्दे पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम भी प्रधानमंत्री पर पलटवार कर चुके हैं। उन्होंने 'दिमागी नक्सली' कहे जाने को लेकर व्यंग्यात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि उन्हें इस संबोधन पर गर्व है। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी प्रधानमंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 370 को लेकर अपने रुख का जिक्र करते हुए कहा कि यदि इसके समर्थन की वजह से उन्हें 'दिमागी नक्सल' कहा जाता है, तो वह भी इस श्रेणी मेंआती हैं। प्रधानमंत्री की टिप्पणी के बाद यह विवाद संसद और राजनीतिक मंचों से आगे सोशल मीडिया तक पहुंच गया है। अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर 'दिमागी नक्सल', 'दिमागी नक्सल पार्टी' और




'अर्बन नक्सल जनता पार्टी' जैसे नामों से अकाउंट और कैंपेन दिखाई देने लगे हैं। सोशल मीडिया पर इन नामों को लेकर राजनीतिक व्यंग्य और विरोध दर्ज कराया जा रहा है। हालांकि, इन अकाउंट्स के पीछे कौन लोग हैं और उनका किसी राजनीतिक संगठन से औपचारिक संबंध है या नहीं, इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

## बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने दोबारा भेजा इस्तीफा, बोले- पार्टी छोड़ रहा हूं, विचार और व्यक्तिनहीं

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोमवार को भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन को अपना इस्तीफा सौंपते हुए कहा कि वह पार्टी की व्यवस्था छोड़ रहे हैं, लेकिन भाजपा के विचार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के प्रति उनका समर्थन जारी रहेगा। पूनावाला ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस्तीफे की जानकारी साझा करते हुए कहा कि उन्होंने बेहद विनम्रता, स्नेह और कृतज्ञता के साथ एक बार फिर अपना इस्तीफा भाजपा को सौंपा है और इसे स्वीकार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपने इस्तीफे में लिखा कि पार्टी ने उनके त्यागपत्र को तुरंत स्वीकार करने से इनकार किया और उनसे अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। हालांकि, लंबे विचार-विमर्श और गंभीर मनन के बाद उन्होंने राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद और भाजपा की सक्रिय प्राथमिक सदस्यता से मुक्त होने का अंतिम निर्णय लिया है। पूनावाला ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में हुई घटनाओं और जिन व्यक्तियों के बारे में उन्होंने पार्टी नेतृत्व को विस्तार से बताया है, उन्होंने उन्हें अपने पूर्व निर्णय पर दृढ़ रहने के लिए मजबूर किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और संगठन महामंत्री बीएल संतोष समेत वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले पांच वर्षों में उन्हें जो मंच और अवसर दिए, उसके लिए वह पार्टी के आभारी हैं। पूनावाला ने कहा, "मैं पार्टी की व्यवस्था छोड़ रहा हूं, परंतु विचार और व्यक्ति नहीं।" उन्होंने कहा कि अत्यावश्यक आर्थिक और व्यक्तिगत परिस्थितियों के कारण वह निजी क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। हालांकि, जहां भी संभव होगा, वह प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के दृष्टिकोण एवं कार्यों का समर्थन करते रहेंगे। पूनावाला ने अपने इस्तीफे में भाजपा के साथ अपने राजनीतिक सफर का उल्लेख करते हुए कहा



कि किसी अन्य देश और किसी अन्य पार्टी में उनके जैसे युवा, पसमांदा मुस्लिम और गैर-वंशवादी व्यक्ति के लिए इस तरह की राजनीतिक यात्रा संभव नहीं होती। उन्होंने पार्टी को विदाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद और जिम्मेदारी को उन्होंने पूरे मन से निभाया। साथ ही उन्होंने 'विकसित भारत' और 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' के मिशन को आगे भी अधिक जोश और जुनून के साथ समर्थन देने की बात कही। उन्होंने अपने संदेश का समापन "वंदे मातरम्, जय हिंद" के साथ किया। शहजाद पूनावाला ने वर्ष 2017 में कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। इसके बाद वह भाजपा के साथ जुड़े और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता के तौर पर विभिन्न टीवी बहसों में भाजपा का पक्ष रखते रहे। वह कांग्रेस और विपक्षी दलों पर अपने तीखे हमलों के लिए भी चर्चा में रहे हैं।

## स्वतंत्रता दिवस से पहले आतंकी गुट शहजाद भट्टी नेटवर्क का खात्मा

### -200 से अधिक दहशतगर्द गिरफ्तार : अमित शाह

(एजेंसी) नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस से पहले आईएसआई समर्थित शाहजाद भट्टी नेटवर्क (एसबीएन) के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी बहु-राज्यीय कार्रवाई कर इस आतंकी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सीमा-पार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 14 राज्यों में 253 लोग हिरासत में लिए गए हैं और नेटवर्क के खिलाफ 80 से अधिक एफआईआर और 200 से अधिक गिरफ्तारियां की गई हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने शएक्सश पर पोस्ट में कहा, मोदी सरकार ने स्वतंत्रता दिवस से पहले आईएसआई समर्थित आतंकी समूह शहजाद भट्टी नेटवर्क को खत्म कर दिया और संगठन के 200 से ज्यादा सदस्यों को गिरफ्तार कर उसके खतरनाक हमलों के मंसूबों को नाकाम कर दिया। भारतीय सुरक्षा बलों ने 14 राज्यों में अलग-अलग जगह पर एक साथ ऑपरेशन चलाकर इस नेटवर्क को ध्वस्त किया, जो आतंकवाद के प्रति भारत की शजीरो-टॉलरेंसश नीति का एक बेहतरीन उदाहरण है। अमित शाह ने कहा, आईएसआई से फंड पाने वाले इस गुट के पास से भारी मात्रा में सामान बरामद किया गया, जिसमें आईडी, पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री के निशान वाले ग्रेनेड, पिस्तौल, कारतूस और जासूसी के लिए इस्तेमाल होने वाले सीसीटीवी कैमरे शामिल थे। यह नेटवर्क कई आतंकी गतिविधियों में शामिल था। शाहजाद भट्टी नेटवर्क पाकिस्तान स्थित आईएसआई द्वारा समर्थित आतंकी सिंडिकेट है, जो भारत में ग्रेनेड, आईईडी और पेट्रोल बम हमलों तथा टारगेटेड किलिंग में शामिल है। एसबीएन स्थानीय सहयोगियों को पैसे देकर पुलिस, रक्षा और धार्मिक स्थलों की रेकी करवाता था और जासूसी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाता था। स्वतंत्रता दिवस के आसपास एसबीएन से जुड़ी संभावित गड़बड़ियों को रोकने के लिए 12 अगस्त को राज्य पुलिस बलों के साथ रियल-टाइम खुफिया जानकारी साझा करने वाली प्रणाली के जरिए समन्वित बहु-राज्यीय अभियान चलाया गया। इसमें 14 राज्यों में 253 लोगों को हिरासत में लिया गया। उत्तर प्रदेश (62), हरियाणा (52), दिल्ली (51), पंजाब (44), राजस्थान (15), महाराष्ट्र (8), उत्तराखंड (5), कर्नाटक, गुजरात और बिहार (3-3) तथा तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और केरल(2-2) को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही, दिल्ली और कर्नाटक में नई एफआईआर भी दर्ज की गई हैं। अब तक शाहजाद भट्टी नेटवर्क के खिलाफ 80 से अधिक एफआईआर और 200 से अधिक गिरफ्तारियां दर्ज की जा चुकी हैं। ये मामले यूएपीए, बीएनएस, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दर्ज हैं। आईईडी , पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की मार्किंग वाले ग्रेनेड, पिस्टल, जिंदा कारतूस और जासूसी वाले सीसीटीवी कैमरे बरामद हुए हैं। इससे नेटवर्क के सीधे सीमा-पार संबंध की पुष्टि होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी को एससी से बड़ी राहत, आय से अधिक संपत्ति मामले में हाई कोर्ट की कार्रवाई पर रोक

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को राहत देते हुए सोमवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट से कहा



कि वह कांग्रेस नेता के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के मामले में कार्यवाही न करे। शीर्ष अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से भी कहा कि वे गांधी के खिलाफ दर्ज मामले के संबंध में हाई कोर्ट के समक्ष कोई रिपोर्ट दाखिल न करें। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने गांधी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर गौर किया और सीबीआई, ईडी तथा हाई कोर्ट में याचिका दायर करने वाले कर्नाटक निवासी एस. विग्नेश शिशिर को नोटिस जारी किया। पीठ हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ गांधी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### शबनम सिन्हा होंगी एयरटेल पेमेंट्स बैंक की नई चेयरपर्सन, सुनील मित्तल की लेंगी जगह

(एजेंसी) नई दिल्ली। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने सोमवार को नेतृत्व में बदलाव की घोषणा की। इसके तहत सुनील मित्तल 30 सितंबर, 2026 को गैर-कार्यकारी चेयरमैन के रूप में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद निदेशक मंडल से भी हट जाएंगे। कंपनी ने बयान में कहा कि शबनम सिन्हा एक अक्टूबर, 2026 से तीन साल के कार्यकाल के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक की चेयरपर्सन का पद संभालेंगी। उनकी नियुक्ति को निदेशक मंडल की मंजूरी मिल चुकी है और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी इसे मंजूरी दे दी है। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं चेयरमैन मित्तल को अप्रैल, 2016 में एयरटेल पेमेंट्स बैंक का गैर-कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया गया था। बयान में कहा गया, श्शउनके नेतृत्व में बैंक राजस्व के लिहाज से भारत का सबसे बड़ा भुगतान बैंक बन गया और उपभोक्ता तथा उद्यम, दोनों क्षेत्रों में उसकी मजबूत मौजूदगी बनी। बयान के अनुसार, वर्तमान में बैंक एयरटेल थैंक्स ऐप के जरिये हर महीने 12.1 करोड़ से अधिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं और करीब तीन करोड़ बैंक खाताधारकों को सेवाएं दे रहा है। इसके लिए पांच लाख से अधिक बैंकिंग केंद्रों का नेटवर्क है, जो देश का सबसे बड़ा नेटवर्क है और भारत के चार में से तीन गांवों तक पहुंचता है। बैंक ने देशभर में औपचारिक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के साथ-साथ देश का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल बैंक और यूपीआई ऑटोपे सेवा प्रदाता बनने की दिशा में भी विस्तार किया है।

# सम्पादकीय

## वंदे मातरम पर फिर तकरार शुरू

कांग्रेस मुख्यालय में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान जब राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाया जा रहा था, उसी समय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सोनिया गांधी के बातचीत करने पर विवाद खड़ा हो गया है। मै नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूं कि भाजपा ने इसे लेकर कांग्रेस से माफी मांगने की मांग की है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक वीडियो दिखाया, जिसमें राहुल गांधी कथित तौर पर कहते



नफीस जाफरी

सुनाई दे रहे हैं कि हमें गाने की जरूरत नहीं है। इसमें आगे राहुल गांधी को कथित तौर पर यह कहते हुए भी सुना जा सकता है कि हम वंदे मातरम् नहीं गा रहे हैं। हम यहां पर अपना वंदे मातरम् गा रहे हैं। तो वहीं दूसरी ओर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम के गान पर हुए विवाद और वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की प्रतिक्रिया पर कहा, 80 साल के बाद बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय का ये अमर गान, जब फिर से सम्मान प्राप्त कर रहा है, वो भी सोनिया गांधी को रास नहीं आता है। सोनिया जी, 140 करोड़ जनता आपको देख रही है। आपके द्वारा किया गया ये पाप इस देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। अमित शाह ने कहा, कांग्रेस ने वंदे मातरम को भुला दिया था। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की वो अमर .ति, एक गान के दो शब्द, वंदे मातरम, भारत माता की मैं वंदना करता हूं ये बोलते हुए हजारों—लाखों लोग फांसी के फंदे पर चढ़ गए थे। वोट बैंक के लालच में कांग्रेस ने वंदे मातरम के भुला दिया था। यह 150वां साल है वंदे मातरम के प्राकट्य का। लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे मातरम को फिर से एक नया आयुष्य देने का काम किया है। उन्होंने कहा, कोई सपने में भी कैसे सोच सकता है कि वंदे मातरम का गान अधूरा छोड़ दिया जाए? कांग्रेस के लोगों को शर्म आनी चाहिए और थोड़ी भी शर्म बची है तो दोनों हाथ जोड़कर बंकिम बाबू और देश की जनता से उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा, कांग्रेस को क्या प्रॉब्लम हो सकती है? अगर देश में एक कानून बन गया है तो उसका पार्टी सम्मान करती है। राज्यसभा में पूरा गाना गया गया, सभी पार्टी के सदस्यों ने भाग लिया था। जब कोई कानून देश में बन जाएगा तो उसका सबको सम्मान करना चाहिए। कांग्रेस पार्टी पर इस तरह की कोई सवाल उठाए यह तो मजाक जैसा लगता है। इसमें क्या माफी मांगना है, किससे माफी मांगना है? कानून बनने से पहले तक कांग्रेस के कार्यक्रम में वंदे मातरम का दो स्टैंजा गाया जाता था, लेकिन अब जब कानून बन गया है तो हम सबको उसका सम्मान करना चाहिए। वहीं, इस पूरे विवाद पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने ए कहा कि जो लोग सवाल उठा रहे हैं उनका देश की आजादी में कोई रोल नहीं था। आरएसएस के मुख्यालय में बरसों तक झंडा नहीं फहराया गया, अब ऐसे लोग सवाल उठा रहे हैं। मॉनसून सत्र के आखिरी दिन राज्यसभा में जब वंदे मातरम गया गया उसमें सोनिया गांधी समेत सभी कांग्रेस के नेता शामिल हुए थे। जहां तक सोनिया गांधी की बात है, मैं भी उस वक्त मौजूद था जब मॉनसून सत्र के खत्म होने के बाद उपराष्ट्रपति के साथ चाय पर मुलाकात के दौरान सोनिया गांधी ने संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू की बढाई की थी कि उन्हें पूरा वंदे मातरम याद है।

## खाड़ी देशों ने होर्मुज में 'नए सामान्य' को स्वीकारा: नियंत्रण ईरान के पास

समीर

फारस की खाड़ी के ऊर्जा उत्पादक देश इस निष्कर्ष पर पहुंच रहे हैं कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का नियंत्रण स्थायी हो जाएगा, जिससे उनके तेल और गैस निर्यात तथा वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में अनिश्चितकाल के लिए बाधा उत्पन्न होगी। समस्या यह है कि उन्हें डर है कि इसका दूसरा विकल्प—युद्ध की ओर वापस जाना—और भी बदतर होगा। यह असमंजस इस बात को उजागर करता है कि कैसे युद्ध ने ईरान को और अधिक आक्रामक बना दिया है तथा दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण इस क्षेत्र के पास इसका मुकाबला करने का कोई बेहतर विकल्प नहीं छोड़ा है। खाड़ी में ईरान के प्रतिद्वंद्वी इस समय विचाराधीन उस समझौते को पसंद नहीं करते, जो इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को खोलने के लिए आने वाले जहाजों पर ईरानी निगरानी को औपचारिक रूप देता है। लेकिन खाड़ी के अधिकारियों का मानना है कि अमरीका और ईरान के बीच आगे होने वाली सैन्य कार्रवाई, जो अरब देशों के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को खतरे में डाल देगी, की तुलना में यह समझौता बेहतर है। होर्मुज के माध्यम से ऊर्जा शिपमैंट को फिर से शुरू करने का वादा करने वाले इस समझौते पर बातचीत हाल के दिनों में रुक गई है। ईरान ने वित्तीय राहत और जलडमरूमध्य में अमरीकी व इसराईली युद्धपोतों पर प्रतिबंध की मांग की है, जबकि दूसरी ओर अमरीका ऐसे किसी समझौते पर विचार करने से इंकार कर रहा है जो तेहरान को शिपिंग में बाधा डालने की अनुमति देता हो। संयुक्त अरब अमीरात (यू.ए.ई.) ने कहा कि पिछले सप्ताह जलडमरूमध्य को पार करने का प्रयास करते समय उसके 4 जहाजों को ईरानी हमलों का निशाना बनाया गया। सऊदी अरब, जिसने लाल सागर पर स्थित एक बंदरगाह तक रेगिस्तान के पार तेल पाइपलाइन से भेजकर अपनी अधिकांश निर्यात क्षमता को सुरक्षित रखा था, उसने देखा कि यह वैकल्पिक निर्यात मार्ग भी यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के हमले की जद में आ गया है। दामिएटा बंदरगाह पर एक गैस टैंकर पर ड्रोन हमले के साथ मिस्र भी इस आग की चपेट में आ गया, जिससे पता चलता है कि ऊर्जा निर्यात के लिए ईरान का खतरा होर्मुज से भी परे तक फैला हुआ है। होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से कच्चे तेल का निर्यात पिछले सप्ताह गिरकर लगभग 2.2 मिलियन बैरल प्रतिदिन रह गया, जो कि एक महीने पहले लगभग 8.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन था। ईरानी निर्यात एक सप्ताह के समय में घटकर आधा रह गया, जो पिछले सप्ताह 47,000 बैरल प्रतिदिन तक आ गया। संघर्ष से पहले इस जलमार्ग से प्रतिदिनलगभग 20 मिलियन बैरल तेल और पैट्रोलियम उत्पाद गुजरते थे। ईरान का शीर्ष नेतृत्व अब जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के समझौते पर विचार कर रहा है लेकिन अधिकारी कड़े सौदेबाजी का संकेत दे रहे हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को कहा कि जब तक अमरीका ईरान के बंदरगाहों की नाकाबंदी सहित आक्रामक कार्रवाइयां नहीं रोकता और उसकी भरपाई नहीं करता, तब तक रणनीतिक जलमार्ग नहीं खोला जाएगा। ऐसी भाषा ईरान के परमाणु कार्यक्रम जैसे अधिक कठिन सवालों पर पहुंचने से पहले न्यूनतम समझौतों के लिए भी बाधाओं की ओर इशारा करती है। खाड़ी के अधिकारी इस संभावना के प्रति आशंकित हैं कि ईरान के साथ कोई भी समझौता उसके मिसाइल कार्यक्रम और क्षेत्र भर में सहयोगी मिलिशिया के समर्थन को बरकरार रखेगा, जो उनकी सुरक्षा के लिए मुख्य खतरा हैं।

# कुर्मी मतदाता कभी एक पार्टी से बंधे नहीं रहे!



गुलफिशा खान

उत्तर प्रदेश की राजनीति में इस समय युवा वोटर यानी जेन जी और जेन अल्फा सबसे बड़ा केंद्र बन चुके हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिल्ली से भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने साफ शब्दों में युवाओं से अपील की है कि वे आने वाले चुनावों में इस सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएं। वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश की चुनावी तस्वीर की जहां तक बात है तो विदित हो कि उत्तर प्रदेश में कुछ महीनों बाद विधानसभा का चुनाव होना है। लोकतंत्र के इस महापर्व को लेकर सभी राजनीतिक दलें अपनी—अपनी तैयारियों में जुट चुकी हैं। सत्तारूढ़ भाजपा हो या विपक्ष सपा, बसपा हो या कांग्रेस... सभी पार्टियां अपने जनाधार को मजबूत करने की कोशिश में जुट चुकी हैं। जातिगत आंकड़े मिलाए जा रहे हैं, वोट बैंक के हिसाब से जातियों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ताकि उनके बीच दलों का जनाधार मजबूत हो। लेकिन इस कोशिश के बीच यूपी की राजनीति से एक रोचक चीज यह देखने को मिल रही है कि यादवों से ज्यादा कुर्मी वोटरों की चर्चा तेज हो गई है। भाजपा से लेकर सपा तक ने कुर्मी वोटरों पर फोकस बढ़ा दिया है। इसका कारण क्या है? आइए इस आलेख के माध्यम से यह समझने की कोशिश करते हैं। तो गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की सियासत में कुर्मी, यादवों के बाद ओबीसी की दूसरी सबसे बड़ी जाति है। यही कुर्मी समाज भाजपा की नई रंणनीति का केंद्र बनी है। जब केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को यूपी भाजपा अध्यक्ष बनाया था तो उसे जानकार 2027 विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा संदेश मान रहे थे। इससे पहले भी भाजपा का कुर्मी कार्ड वर्ष 2022 में सफल हुआ था, उस समय स्वतंत्र देव सिंह प्रदेश अध्यक्ष थे और भाजपा की पांच वर्ष सरकार रहने के बावजूद 403 में से 255 सीटें मिली थीं। प्रदेश की राजनीति में कुर्मी समाज की आबादी भले ही आठ प्रतिशत हो, लेकिन 70 से 80 विधान सभा सीटों पर इनका सीधा प्रभाव माना जाता है। खासकर पूर्वांचल, अवध, बुंदेलखंड और तराई क्षेत्रों में



कुर्मी मतदाता कई सीटों पर जीत—हार का रुख तय करते हैं। 2001 में यूपी सरकार की बनाई हुकुम सिंह कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार, कुर्मी (और पटेल) की आबादी राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 7.4 प्रतिशत है। यह रिपोर्ट ग्रामीण परिवार रजिस्टरों पर आधारित थी। इसमें ओबीसी की कुल आबादी 50 प्रतिशत से अधिक बताई गई थी। 2011 जनगणना में यूपी की कुल आबादी करीब 20 करोड़ थी। 2025 की अनुमानित आबादी करीब 25 करोड़ है। इस हिसाब से प्रदेश में कुर्मी की आबादी करीब 1.75 से 2 करोड़ के बीच मानी जाती है। अगर मौजूदा राजनीतिक परि.श्य की बात करें, तो प्रदेश के 403 विधायकों में कुर्मी/पटेल की संख्या 40 है। इसमें भाजपा से 27, सपा से 12 और कांग्रेस से 1 विधायक हैं। 100 एमएलसी में 5 कुर्मी समाज से हैं। यूपी की 80 लोकसभा सीटों में भी 11 सांसद कुर्मी समाज से हैं। इसमें सपा से 7, भाजपा के 3 और अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल सांसद हैं। विधायकों में ब्राह्मण के बाद सबसे अधिक कुर्मी विधायक हैं। जबकि सांसदों में ब्राह्मणों के बराबर इनकी संख्या है। उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल, अवध, मध्य यूपी और बुंदेलखंड में 128 सीटों पर कुर्मी वोटर प्रभावी भूमिका रखते हैं। जबकि, 48—50 सीटों पर वे निर्णायक असर रखते हैं। इसी तरह लोकसभा की 27 सीटों पर उनका प्रभाव है. लेकिन, 11 सीटों पर जीत—हार तय करते हैं। यूपी की राजनीति में कुर्मी किंग मेकर की भूमिका निभाते हैं। लेकिन यादवों (सपा) या जाटवों की तरह किसी एक पार्टी से बंधे नहीं हैं। 90 के दशक में कांशीराम (राम लखन सिंह पटेल, लालजी वर्मा) और मुलायम सिंह यादव (बेनीप्रसाद वर्मा, नरेश उत्तम पटेल) ने कुर्मी नेताओं को आगे बढ़ाकर इस वोटबैंक को साधा। भाजपा ने विनय कटियार, ओमप्रकाश सिंह और महज 26 की उम्र में पंकज चौधरी को सांसद बनाकर कोशिश की, पर 2014 से पहले यह वोटबैंक ज्यादा सपा—बसपा के पास रहा। 2014 में अमित शाह के नेतृत्व में अपना दल से गठबंधन और स्वतंत्र देव सिंह व पंकज चौधरी जैसे नेताओं को आगे बढ़ाने से भाजपा को बड़ा राजनीतिक फायदा मिला। 2022 में भाजपा के सबसे अधिक 27 कुर्मी विधायक चुने गए; अब 2024 के झटके के बाद 2027 चुनाव से पहले कुर्मी समाज को फिर साधने के लिए पंकज चौधरी को कमान सौंपी गई है। कुर्मी वोटरों को साधने के लिए अखिलेश यादव भी जोर लगा रहे हैं। वो गैर—यादव ओबीसी राजनीति के तहत एक बेहद सोची—समझी और आक्रामक रणनीति पर काम कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने अपने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) नारे के तहत पारंपरिक यादव—मुस्लिम समीकरण से आगे बढ़कर गैर—यादव पिछड़ों, विशेषकर कुर्मी (पटेल) समाज को तरजीह दी है। बीते कुछ सालों में समाजवादी पार्टी में चुनाव और पार्टी संगठन दोनों में ही कुर्मियों की भागीदारी को दोगुना किया गया है। अखिलेश यादव ने हालिया चुनावों में पारंपरिक रूप से भाजपा की तरफ झुकाव रखने वाले कुर्मी समाज को बड़े पैमाने पर टिकट दिए हैं। जानकारों का मानना है कि अखिलेश आगामी चुनाव में भी इसी पैटर्न पर चलते नजर आ आएंगे।

# जनहित के लिए एक साथ आएंगे जेनजी और जेनअल्फ़ा



फरीद वारसी

नीट पेपर लीक के खिलाफ दिल्ली के जंतर—मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में बीते दिनों बड़ा प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों के लगातार दबाव के बाद पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था। अब कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने फिर से जंतर—मंतर पर प्रदर्शन करने के संकेत दिए हैं। बीते दिनों उन्होंने कहा—बहुत से लोग इंस्टाग्राम पर कमेंट कर रहे थे कि जंतर—मंतर का सीजन 2 कब शुरू होगा। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि जंतर—मंतर का सीजन 2 बहुत जल्द शुरू होने वाला है। तो वहीं दूसरी ओर नीट पेपर लीक के खिलाफ जेनजी के प्रदर्शन के दम पर पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा लेने वाले अभिजीत दीपके अब जेन अल्फा को जोड़ने की तैयारी में जुट गए हैं। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने जेन अल्फा की समस्याओं को एंड्रेस करते हुए एक बड़ा देशव्यापी अभियान लॉन्च किया है। इस अभियान का नाम है— स्कूल ठीक करो। इस अभियान के जरिए देश भर के स्कूलों की व्यवस्था में व्यापत खामियों पर आवाज बुलंद की जाने की तैयारी है। दरअसल बीते शनिवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने महाराष्ट्र के हिंगोली जिले स्थित अपने पैतृक गांव से 'स्कूल ठीक करो' अभियान की शुरुआत की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की उपेक्षा के कारण गरीब छात्रों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने प्राइवेट स्कूलों की फीस पर सीमा निर्धारित करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक अस्पतालों की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी जल्द एक आंदोलन चलाया जाएगा। दरअसल स्वतंत्रता



दिवस के अवसर पर दीपके अपने पैतृक गांव संतुक पिंपरी पहुंचे और ध्वजारोहण समारोह में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने एक जिला परिषद स्कूल का दौरा किया, जहां उन्हें शौचालयों में पानी की व्यवस्था नहीं मिली. उन्होंने कहा, "आजादी के 80 साल बाद भी अगर सरकारी स्कूलों में पानी जैसी बुनियादी सुविधा नहीं है, तो देश कैसे विकसित होगा? दीपके ने स्कूल की जर्जर स्थिति पर भी सवाल उठाए. उन्होंने दावा किया कि स्कूल की खिड़कियां टूटी हुई हैं और छात्रों के लिए पर्याप्त बेंच नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी ने एक चेकलिस्ट फॉर्म तैयार किया है, जिसके माध्यम से महाराष्ट्र और देशभर के स्कूलों में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का डेटा एकत्र किया जाएगा और बाद में उसका संकलन किया जाएगा। मालूम हो कि जेनजी उन लोगों का कहा जाता है, जिनका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ है, जो इंटरनेट और सोशल मीडिया के शुरुआती दौर में बड़े हुए हैं। वहीं जेन अल्फा का जन्म वर्ष 2013 से 2025 के बीच हुआ है, जो पूरी तरह से स्मार्टफोन, टैबलेट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में पैदा हुए और पल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने शिक्षा बजट में कटौती की है और सरकारी स्कूलों को बंद कर निजी स्कूलों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। दीपके के अनुसार, पिछले 10 सालों में देशभर में 94,000 से अधिक सरकारी स्कूल बंद किए गए हैं। उन्होंने सवाल किया, "जब और अधिक स्कूल खोले जाने चाहिए, तब स्कूल बंद करके देश को कैसे मजबूत बनाया जा सकता है? दीपके ने कहा कि यदि सरकारी स्कूलों में पढ़कर बच्चे सफल होंगे तो निजी स्कूलों में कौन जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों को समान अवसर उपलब्ध कराने में विफल रही है। उनका कहना था कि कई छात्र वीडियो बनाकर बता रहे हैं कि स्कूल तक पहुंचने के लिए ठीक सड़कें भी उपलब्ध नहीं हैं, जो सरकारी व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है। निरीक्षण के दौरान दीपके ने यह भी दावा किया कि उनके गांव के स्कूल का शौचालय उनके पहुंचने से ठीक पहले साफ किया गया था। उन्होंने कहा कि स्कूल की टूटी खिड़कियों को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बैनरों से ढका गया है, जिसे उन्होंने "व्यवस्था पर व्यंग्य" बताया. उन्होंने कहा कि स्कूल में केवल चार बेंच हैं, जबकि छात्रों की संख्या उससे कहीं अधिक है। दीपके ने घोषणा की कि सीजेपी जल्द ही सरकारी अस्पतालों की खराब स्थिति को लेकर भी आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सार्वजनिक अस्पतालों में मरीजों को फर्श पर सोना पड़ता है, सर्जरी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है और सीटी स्कैन के लिए एक सप्ताह तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। दीपके ने निजी स्कूलों की फीस पर नियंत्रण लगाने की मांग दोहराते हुए कहा कि लोग अपने बच्चों की शिक्षा के लिए 1 से 1.5 लाख रुपये तक फीस दे रहे हैं। "ऐसे में गरीब बच्चों को शिक्षा कैसे मिलेगी? इसलिए निजी स्कूलों की फीस पर सीमा तय की जानी चाहिए।"

# जेन-कौड और विरोध प्रदर्शन की राजनीति: विपक्ष कहां पहुंचा?

देवी चेरियन

हजारों युवा भारतीयों को अपने हक के लिए न्याय मांगते हुए सड़कों पर उतरते देखने में एक गहरा भावनात्मक पहलू है। जेन—कौड के लिए कोई परीक्षा केवल एक परीक्षा भर नहीं होती। यह वर्षों की तैयारी, माता—पिता के त्याग, वित्तीय निवेश और एक बेहतर जीवन बनाने के सपने का प्रतीक होती है। यही कारण है कि नीट पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली को लेकर उपजे आक्रोश को केवल राजनीतिक आंदोलन बताकर खारिज नहीं किया जा सकता। जब वह विश्वास डगमगाता है, तो युवाओं को विरोध करने का पूरा अधिकार है। जंतर—मंतर उस आक्रोश को व्यक्त करने का स्वाभाविक स्थान बन गया। लेकिन इसी बीच एक और प्रश्न सामने आया—क्या विपक्ष ने विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर इसके स्वरूप को बदल दिया? जवाब और जवाबदेही की मांग को लेकर युवाओं द्वारा शुरू किया गया यह जेन—कौड विरोध प्रदर्शन अनिवार्य रूप से तब और अधिक राजनीतिक हो गया, जब विपक्षी नेता और राजनीतिक कार्यकर्त्ता आंदोलन में शामिल हुए। उनकी उपस्थिति ने प्रदर्शनकारियों को अधिक दृश्यता और राजनीतिक प्रभाव भले ही दिया हो लेकिन इसने एक असहज प्रश्न भी खड़ा कर दिया—क्या युवा प्रदर्शनकारी स्वयं यही चाहते थे? या वे केवल यह चाहते थे कि सरकार उनकी बात सुने? यह अंतर महत्वपूर्ण है। एक बार जब राजनीतिक नेता ऐसे विरोध प्रदर्शन में शामिल हो जाते हैं, तो संदेश बदल सकता है। टैलीविजन कैमरे अब केवल छात्रों पर केंद्रित नहीं रहते। राजनीतिक भाषण हावी होने लगते हैं। नारे अधिक तीखे हो जाते हैं। सरकार रक्षात्मक मुद्रा में आ जाती है। विपक्ष को एक अवसर दिखाई देता है। मूल मुद्दा व्यापक राजनीतिक लड़ाई में दबने के जोखिम में पड़ जाता है। और यहीं पर विपक्ष को स्वयं से एक अत्यंत गंभीर प्रश्न पूछने की आवश्यकता है—क्या सार्वजनिक विरोध प्रदर्शनों के मामले में उसने अपनी जिम्मेदारी की भावना खो दी है? विपक्षी दलों को विरोध करने का पूरा संवैधानिक अधिकार है। लेकिन प्रदर्शनकारियों के साथ खड़ेहोने और उनके विरोध प्रदर्शन पर कब्जा करने में अंतर होता है। शांतिपूर्ण मार्च आयोजित करने और सुरक्षा बलों के साथ जानबूझकर टकराव की स्थिति पैदा करने में भी अंतर होता है। एक जिम्मेदार विपक्ष को पता होना चाहिए कि वह सीमा रेखा कहां है। यहीं पर राजनीतिक नेतृत्व महत्वपूर्ण हो जाता है। एक विपक्षी नेता का काम केवल विरोध को अधिक मुखर बनाना नहीं है। इसका काम इसे अधिक जिम्मेदार बनाना है। यदि छात्र पहले से ही भावुक, आक्रोशित और हताश हैं, तो राजनेताओं को उन्हें भड़काने की बजाय शांत करना चाहिए। यदि युवा प्रदर्शनकारी किसी प्रतिबंधित क्षेत्र की ओर बढ़ रहे हैं, तो जिम्मेदार राजनीतिक नेतृत्व को उनसे कहना चाहिए—हमने अपनी बात रख दी है। हमें सुन लिया गया है। आइए हम सीमा न लांघें। इसके विपरीत, यदि राजनेता यह जानते हुए भी प्रदर्शनकारियों को आगे बढने के लिए प्रोत्साहित करते हैं कि पुलिस को हस्तक्षेप करना ही पड़ेगा, तो परिणामी टकराव लगभग अपरिहार्य हो जाता है।और तब पूरे विरोध प्रदर्शन का स्वरूप ही बदल जाता है। जो आंदोलन परीक्षा सुधार के लिए शुरू हुआ था, वह सरकार और विपक्ष के बीच का टकराव बन जाता है। छात्र पृष्ठभूमि बन जाते हैं। राजनेता सुर्खियां बन जाते हैं। जेन—कौड निश्चित रूप से यह नहीं चाहता होगा। जेन—कौड एक ऐसी पीढ़ी है जो अलग तरह से संवाद करती है। यह पारंपरिक राजनीतिक ढांचों के प्रति कम धैर्य रखती है। यह राजनीतिक दलों को लेकर अधिक संशयवादी है। यही कारण है कि राजनीतिक दलों को सतर्क रहना चाहिए। वे सोच सकते हैं कि किसी युवा आंदोलन में शामिल होकर वे युवाओं की मदद कर रहे हैं। लेकिन युवा इसे अलग दृष्टिकोण से देख सकते हैं। वे पूछ सकते हैं—'आप हमारे मुद्दे को अपना राजनीतिक हथियार क्यों बना रहे है?' यह भारतीय राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि जेन—कौड संभवतरू किसी के राजनीतिक खेमे से जुडना नहीं चाहता। उसे परिणाम चाहिए। वह चाहता है कि राजनेता सवालों के जवाब दें। और शायद सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह चाहता है कि उसे गंभीरता से लिया जाए। राजनीतिक दलों से स्वतंत्र एक शांतिपूर्ण युवा आंदोलन में अपार शक्ति होती है। जिस क्षण यह राजनेताओं द्वारा नियंत्रित दिखने लगता है, सरकार इसे विपक्ष—प्रायोजित आंदोलन बताकर खारिज कर सकती है। यह उन छात्रों के साथ घोर अन्याय होगा, जिन्होंने इसे शुरू किया था। यह एक और खतरे को भी जन्म देता है। यदि हर बड़ा विरोध प्रदर्शन विपक्षी नेताओं के शामिल होने, भड़काऊ भाषण दिए जाने और प्रदर्शनकारियों



द्वारा भारी सुरक्षा वाले सरकारी भवनों की ओर बढने के साथ समाप्त होता है, तो जनता धीरे—धीरे टकराव की आदी हो सकती है। तब विरोध प्रदर्शन तमाशा बन जाता है। संभवतः सबसे शक्तिशाली संदेश जो युवा प्रदर्शनकारी प्रत्येक राजनीतिक दल को दे सकते हैं, वह यह हैरू 'हमारे साथ खड़े हों लेकिन हमारे ऊपर से न बोलें।' यह एक नए प्रकार की राजनीति होगी। ऐसी राजनीति, जहां युवा नागरिकों को अपनी आवाज सुनाने के लिए किसी पार्टी के झंडे की आवश्यकता न पड़े। ऐसी राजनीति, जहां विपक्ष को हर शिकायत को टकराव में बदलने की आवश्यकता न हो। ऐसी राजनीति, जहां सरकार हर विरोध प्रदर्शन को शत्रुतापूर्ण कार्रवाई न समझे और ऐसी राजनीति, जहां शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन एक लोकतांत्रिक अधिकार बना रहे, बजाय इसके कि वह यह देखने की होड़ बन जाए कि कौन सबसे बड़ा तमाशा खड़ा कर सकता है।

## तहसील कैसरगंज में अधिवक्ताओं के लिए निर्मित होगा सभागार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। तहसील कैसरगंज के पुराने तहसील भवन में अधिवक्ताओं के लिए 88.30 लाख रुपये की लागत से एक नया कक्ष व सभागार बनाया जाएगा। यह परियोजना एमएलसी पदमसेन चौधरी के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत स्वी.त की गई है। पुरानी तहसील परिसर में एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक कैसरगंज आनन्द कुमार यादव, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव की उपस्थिति में भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस परियोजना से कैसरगंज तहसील में लंबे समय से अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाओं की कमी पूरी होने की उम्मीद है। यह भवन अधिवक्ताओं और वादकारियों दोनों के लिए अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक स्थान प्रदान करेगा। भूमि पूजन के अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि सरकारी योजनाओं का उद्देश्य आम जनता के साथ–साथ विभिन्न वर्गों को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने और इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने पर जोर दिया। भूमि पूजन के दौरान एसडीएम प्रशांत नायक, जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारी, तहसील कर्मचारी और बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विनोद सिंह विसेन ने इस निर्माण को एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इससे अधिवक्ताओं के साथ–साथ वादकारियों को भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह विशेन, ज्ञान बाबू वर्मा, महामंत्री वीरेश कुमार पांडेय और पूर्व अध्यक्ष गंगाधार मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ता, कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के सहा.अभि. भैरव प्रसाद मिश्रा, अवर अभि. अमित कुमार व सचिन वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।



## अटल जी की पुण्यतिथि पर भाजपा नेताओं ने अर्पित किए श्रद्धा-सुमन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की आठवीं पुण्यतिथि पर रविवार को देशभर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया, सदर विधायक सरिता भदौरिया सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शहर के अटल चौक (डीएम चौराहा) स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा–सुमन अर्पित किए। इस दौरान सभी ने उनके व्यक्तित्व एवं .तित्व को याद करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को नमन किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद करते हुए कहा कि अटल जी के नेतृत्व में भारत ने परमाणु शक्ति के रूप में अपनी पहचान स्थापित की। पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद अमेरिकी प्रतिबंधों की चेतावनी के बावजूद उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर .ढ़ता



का परिचय दिया। उनकी दूर.ष्टि और विकास की सोच के कारण देश में सड़कों, राजमार्गों और सिंचाई व्यवस्था के विस्तार को गति मिली। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन को भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की सीख दी। कारगिल युद्ध के दौरान उनके नेतृत्व और निर्णय क्षमता ने देश को मजबूती प्रदान की। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार 'अन्नू' गुप्ता ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित कर दिया। सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी भारत के निर्माण की उनकी सोच सदैव देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा, ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विमल भदौरिया, जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत, जितेंद्र गौड़, जिला उपाध्यक्ष .पा नारायण तिवारी, अमित तिवारी, यशवर्धन चौधरी, संजीव भदौरिया, जिला मंत्री सुरेश राजपूत, संजू बाबू शाक्य, निवर्तमान जिला मंत्री रजत चौधरी, सह–कोषाध्यक्ष समीर सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, सह–मीडिया प्रभारी अंकित सैनी, सभासद पूनम पाण्डेय, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष उदयवीर दोहरे, मुकेश यादव, समीर दोहरे, मोहित दुबे, शीनू कठेरिया, मंडल अध्यक्ष असनीत यादव, ध्रुव प्रताप कठेरिया सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कैसरगंज के संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील कैसरगंज में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। डीएम ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी कैसरगंज प्रशान्त कुमार नायक, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने क्षेत्र के व्यक्तियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होनें स्पष्ट किया कि जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का माधान पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा



अधिकारी, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील कैसरगंज में प्राप्त 19 प्रार्थना–पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया। तहसील पयागपुर में प्राप्त 10 प्रार्थना–पत्रों के सापेक्ष 02, तहसील सदर में प्राप्त 09 के सापेक्ष 01, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 10 के सापेक्ष 01, नानपारा में प्राप्त 14 के सापेक्ष 02 व महसी में प्राप्त 27 प्रार्थना–पत्रों के सापेक्ष 03 का मौके पर निस्तारण किया गया।

### डीएम-एसपी ने तहसील महराजगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं-

*–शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण से निस्तारण कराए अधिकारी – डीएम*

*–सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 शिकायतें आयी, 07 का तत्काल हुआ निस्तारण*

संवाददाता रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में तहसील महराजगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये।जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील महराजगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 18, पुलिस 02, विकास 05 एवं अन्य 12 कुल 37 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 07 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए।पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी महराजगंज चन्द्र प्रकाश गौतम, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी अरविंद्र कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चन्द्र, तहसीलदार महराजगंज मंजुला मिश्रा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## संत शिरोमणि की जयन्ती पर निकाली समरसता कलश यात्रा

### - संत रविदास ने समाज को समानता व मानवता का मार्ग दिखाया
### - तिंदवारी विधानसभा में किया गया कलश यात्रा का समापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650 वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा निकाली जा रही समरसता संकल्प कलश यात्रा का तिंदवारी विधानसभा में समापन हो गया। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद के नेतृत्व में निकाली गईं कलश यात्रा तिंदवारी मण्डल, पैलानी मण्डल, जसपुरा मण्डल व बड़ोखर मण्डल में भ्रमण करते हुए समापन कर दिया गया। जलशक्ति राज्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास ने समाज में व्याप्त भेदभाव व ऊँचनीच की भावना के विरूद्ध मानवता व भाईचारे का सन्देश दिया स उनका जीवन सामाजिक समरसता, समानता व मानवता की मिशाल था। उन्होंने सामाजिक भेदभाव समाप्त कर समाज को जोड़ने का काम किया। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि उनके विचारों को अपने जीवन में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के जिला संयोजक संतोष नायक ने कहा कि संत के विचार समरस और सशक्त भारत का मार्गदर्शन है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री निखिल सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष देशराज सिंह, जिलामंत्री श्यामबाबू पाल धनंजय चौधरी, मण्डल अध्यक्ष अनूप सिंह, धर्मेन्द्र गुप्ता, साहब सिंह, दिनेश यादव के अलावा अमित निगम, रमेश साहू, राजनारायण द्विवेदी, रमन सिंह आदि मौजूद रहे। इसके पूर्व बाँदा विधानसभा, बबेरू विधानसभा, व नरैनी विधानसभा की संकल्प यात्राएँ पूरी हो चुकी हैं इस प्रकार यात्रा का आज समापन हो गया है।



## सीएचसी सलेमपुर में दो माह से ओपीडी पर्चे खत्म, दूसरे स्वास्थ्य केंद्र के पर्चे पर लिखी जा रही दवा

### -मरीजों में बना संशय, चिकित्सकों ने उच्चाधिकारियों को दी जानकारी- एक सप्ताह में नए पर्चे आने का दावा

संवाददाता कानपुर देहात। राजपुर नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सलेमपुर में पिछले दो माह से अधिक समय से ओपीडी के पर्चे खत्म होने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीएचसी में आने वाले मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श और दवा लिखने के लिए नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसधान के पर्चे का इस्तेमाल किया जा रहा है। एक स्वास्थ्य केंद्र के बजाय दूसरे केंद्र के नाम वाले पर्चे पर दवा लिखे जाने से मरीजों में संशय की स्थिति बनी हुई है। बताया जा रहा है कि सीएचसी सलेमपुर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। मरीजों का पंजीकरण और चिकित्सक से परामर्श के बाद उन्हें दवा लिखी जाती है। लेकिन लंबे समय से सीएचसी के ओपीडी पर्चे उपलब्ध नहीं होने के कारण अस्पताल प्रशासन को दूसरे स्वास्थ्य केंद्र के पर्चों का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे मरीजों के बीच तरह–तरह की चर्चाएं भी हो रही हैं। सीएचसी सलेमपुर में तैनात चिकित्सक डॉ. आरपी सागर ने बताया कि ओपीडी के पर्चे खत्म होने की जानकारी राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी को दे दी गई है। फिलहाल मरीजों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए उपलब्ध पर्चों पर चिकित्सकीय परामर्श और दवा लिखी जा रही है। वहीं, राजपुर पीएचसी प्रभारी डॉ. सलिल सचान ने बताया कि सीएचसी सलेमपुर में पर्चे खत्म होने की जानकारी उन्हें मिल चुकी है। नए पर्चे छपने के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि करीब एक सप्ताह के अंदर नए ओपीडी पर्चे उपलब्ध हो जाने की उम्मीद है। मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द सीएचसी के नाम वाले ओपीडी पर्चे उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों के बीच बना संशय दूर हो सके और स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं भी सुचारु रूप से संचालित हो सकें।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

**फैसल चश्में वाले**

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते हैं। नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, रतौंधी, धुन्ध, आपरेशन ऑख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्मे बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।

नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

**फैसल चश्में वाले**

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS, (H) P.M.P | हाजी खलील अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213 | एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

## संक्षिप्त समाचार

### चेन स्नेचिंग के दो शातिर मुठभेड़ में गिरफ्तार

संवाददाता गोरखपुर। जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कैंट पुलिस, एंटी थेफ्ट सेल और सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सोमवार को मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चेन स्नेचिंग के आरोपी दो शातिर अपराधियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। घ्मुठभेड़ में सिपाही भी हुआ घायल पुलिस टीम जब आरोपियों को पकड़ने पहुंची,



तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई और मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम के कांस्टेबल भूपेंद्र यादव चोटिल/घायल हो गए। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों अभियुक्तोंकृ अजय उर्फ मंगरू (निवासी देउरवीर, थाना गगहा) और संजय (निवासी कसिहार, थाना बेलीपार) को मौके से दबोच लिया। घायल सिपाही व अभियुक्तों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। घ्लूट की चेन और हथियार बरामद गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने हाल ही में छीनी गई 02 अदद सोने की चेन, घटना में इस्तेमाल की गई 01 मोटरसाइकिल, 02 देसी तमंचे, 02 खोखा कारतूस और 02 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। घ्कई थानों में दर्ज हैं दर्जनों मुकदमे पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों अभियुक्त पेशेवर अपराधी हैं। अजय उर्फ मंगरू के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट, आर्म्स एक्ट और गोवध निवारण अधिनियम जैसी गंभीर धाराओं में 7 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, संजय पर गैंगस्टर एक्ट, गौ तस्करी और लूट समेत करीब 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं। घ्पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी कैंट के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा बढ़ाकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जिले में हजारों श्रद्धालुओं ने नाग देवता मंदिर में किए दर्शन

संवाददाता हमीरपुर। जिले में सोमवार को नाग पंचमी के अवसर पर कस्बो व ग्रामीण क्षेत्रों में कही–कही लगा मेला एवं दंगल का आयोजन आस्था और उमंग का केंद्र बना रहा। जनपद में सावन के सोमवार के दिन नाग पंचमी का त्यौहार होने के चलते सुबह 5 बजे से ही नाग देवता मंदिर में भक्तों की कतार लगनी शुरू हो गई। दोपहर बाद तक जलाभिषेक और पूजा–अर्चना का सिलसिला जारी रहा। देर शाम तक हजारों श्रद्धालुओं ने नाग देवता मंदिर में मत्था टेका और मनोकामनाएं मांगीं।आचार्य पंडित जगदीश तिवारी ने बताया कि नाग पंचमी पर नाग देवता मंदिर में पूजा–अर्चना करने से कुंडली में मौजूद कालसर्प दोष की शांति होती है। इसी मान्यता के चलते दूर–दराज से भी श्रद्धालु यहां पहुंचे थे।



### मुस्कुरा क्षेत्र के अलरा गौरा गांव में मेले की रौनक

मेले में लाठी,श्री मिष्ठान और खिलौनों की दुकानें आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। लाठी की बिक्री के लिए 5 दुकानदार आए थे। दुकानदारों ने बताया कि सभी दुकानों की मिलाकर लगभग एक लाख साठ हजार रुपए की लाठियां बिकीं।



इसके साथ ही श्री मिष्ठान की दुकानों पर भी भारी भीड़ रही। बच्चों के लिए खिलौनों की दुकानों पर भी खूब चहल–पहल दिखी।

### नाग पंचमी के पावन अवसर पर विशाल दंगल का किया गया आयोजन

संवाददाता हमीरपुर नाग पंचमी के पावन अवसर पर मुख्यालय के पातालेश्वर मंदिर में बरसों से पुरानी चली आ रही दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दूर दराज के गांव से पहलवानों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और बड़ी संख्या में लोग देखने के लिए मैदान में जुटे रहे। इस दंगल प्रतियोगिता में सदर कोतवाली पुलिस सजगता के साथ तैनात रही।



# ग्राम बृजापकरीपुरवा व अर्जुनपुरवा का डीएम व एसपी ने किया भ्रमण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्वत के साथ विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत ग्राम बृजापकरीपुरवा व अर्जुनपुरवा का भ्रमण कर जनपद में हो रही वर्षा के .ष्टिगत घाघरा नदी के जल स्तर में हुई वृद्धि के कारण जल भराव की स्थिति का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद ग्रामवासियों से वार्ता कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। डीएम ने बताया कि



तहसील प्राासन के साथ–साथ सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहकर स्थिति पर सतर्क दृष्टि बनाये हुए हैं। डीएम ने ग्रामवासियों को सुझाव दिया कि आप लोग भी पूरी तरह से सतर्क रहें। बच्चों को पानी के आस–पास न जाने दें। प्रशासन की ओर से कोई भी सूचना प्राप्त होने पर तत्काल चिन्हित किये गये सुरक्षित स्थानों पर पहुंच जायें। डीएम ने बताया कि किसी भी आपातिक स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान की जायेगी। डीएम ने तहसील प्रशासन को निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ के लिए पूरी तरह से तैयार रहें। सभी सम्बन्धित अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में निरन्तर भ्रमणशील रहकर स्थिति पर सतर्क .ष्टि बनाये रखें। डीएम ने कहा कि संभावित बाढ़ के .ष्टिगत राहत एवं बचाव कार्यों को निर्बाध रूप से संचालित करने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाय। डीएम ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति या परिवार प्रभावित होता है तो उसे तत्काल सहायता उपलब्ध करायी जाय। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज प्रशान्त कुमार नायक, तहसीलदार व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# डीएम ने पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय सोनखर का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सोमवार को विकास क्षेत्र बांसी के पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय सोनखर का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के अचानक विद्यालय पहुंचने से स्कूल प्रशासन में हलचल रही। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी



ने विद्यालय की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया, जिसमें सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए। इसके बाद उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई और शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बच्चों से पुस्तक पढ़वाकर उनकी पढ़ने की क्षमता भी परखी। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों की शिक्षा के साथ–साथ उनके सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि विद्यालय परिसर में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए और बच्चों को स्वच्छ एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रशासन को शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# बर्तन चोर गिरफ्तार, दूसरा फरार, चोरी के बर्तन बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा घर में घुसकर चोरी करने वाले अभियुक्त को चोरी के माल के साथ गिरतार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि 16 अगस्त को थाना कोतवाली



देहात क्षेत्र के रहनी वाली रेखा द्वारा थाना कोतवाली देहात पर सूचना दी गई कि चोरों द्वारा उनके पीतल के बर्तन चोरी किए गए है। पुलिस द्वारा तत्काल अभियोग पंजी.त कर अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त लवलेश को डाडिन पुरवा पेट्रोल पंप के पास से गिरतार कर लिया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए बर्तन बरामद हुए है। घटना में शामिल एक अन्य साथी अभियुक्त उमेश की तलाश की जा रही है। अभियुक्त लवकुश पुत्र चन्द्रभवन निवासी डाडिन पुरवा महोखर थाना कोतवाली देहात को पकड़ लिया गया है। अभियुक्त उमेश पुत्र शिवमोहन निवासी डाडिन पुरवा महोखर थाना कोतवाली देहात फरार चल रहा है जिनके विरुद्ध मु0अ0सं0 225/26 धारा 305() / 317(2) बीएनएस थाना कोतवाली देहात में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक दुर्विजय सिंह थाना कोतवाली देहात हे0कां0 बृजकिशोर कां0 श्यामसुन्दर शामिल रहे।

# शिक्षिका नीलम पीएम विद्या डीटीएच टीवी चैनल में बनाएंगी ई शैक्षिक सामग्री

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश निशातगंज लखनऊ द्वारा आयोजित पीएम की विद्या प्रशिक्षण अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न जनपदों के अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। सीतापुर जनपद की प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर की प्रधानाध्यापिका नीलम कुमारी ने इस प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। शैक्षिक वीडियो के माध्यम से बच्चों को सप्लीमेंट्री एजुकेशन देने के उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई। कमल सर के नेतृत्व मे मास्टर ट्रेनर आशीष कुमार, ज्ञान बहादुर, अमित कुमार, अभिषेक, शिखा साहू मैम द्वारा स्क्रिप्ट लिखना रिव्यू करना वीडियो प्रस्तुति करण करना आदि बिंदुओं को सिखाया गया। बाल वाटिका प्रीस्कूल से लेकर के कक्षा 12 तक के बच्चों हेतु पाठ्यक्रम आधारित वीडियो



कार्यक्रम इसमें बनाए जाते हैं। दैनिक समय सारणी के अनुसार नवीन विषय वस्तु के साथ शैक्षिक सामग्री का प्रसारण किया जाता है और विभिन्न माध्यमों ड्यूटी एच फ्री डिश यूट्यूब एवं मई विद्या मोबाइल ऐप पर शैक्षिक वीडियो की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है। जनपद के लिए यह गौरव की बात है कि प्रधानाध्यापिका नीलम कुमारी अब विद्यार्थियों के लिए ई विद्या टीवी चैनल में शैक्षिक वीडियो का निर्माण करेंगी जिससे बच्चों के शैक्षिक स्तर को सुधारने में एवं उन्हें विभिन्न माध्यमों के साथ सप्लीमेंट्री एजुकेशन पहुंचने में मदद होगी। पांच दिन के प्रशिक्षण के उपरांत उत्.ष्ट एवं सक्रिय योगदान हेतु नीलम कुमारी को निदेशक एनसीईआरटी गणेश कुमार द्वारा एवं जॉइंट डायरेक्टर पवन सचान द्वारा सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं डीसी ट्रेनिंग के समक्ष अपने प्रशिक्षण के अनुभवों का को साझा किया गया जिसके अनुसार जिले में अब डीटीएच पीएम विद्या चैनल के लिए सक्रिय रूप से भागीदारी सुनिश्चित होगी। इसके लिए ब्लॉक एवं जनपद के शिक्षक शिक्षिका साथियों ने नीलम कुमारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# सावन के सोमवार पर कांवड़ यात्रा में सूबेदार सिंह ने संभाली सुरक्षा की कमान

## - श्रद्धालुओं को हेलमेट और यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सावन के सोमवार को देखते हुए जनपद में कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा एवं यातायात





व्यवस्था को लेकर पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता बरती गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राम गोपाल शर्मा के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के साथ–साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए भी जागरूक किया। इसी क्रम में यातायात उपनिरीक्षक सूबेदार सिंह ने कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए श्रद्धालुओं एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के साथ उसकी बेल्ट ठीक प्रकार से लगाने के लिए प्रेरित किया, ताकि किसी भी आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में सिर की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। यातायात पुलिस की ड्यूटी के दौरान कुछ लोग मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाते दिखाई दिए। यातायात उपनिरीक्षक सूबेदार सिंह ने ऐसे वाहन चालकों को तत्काल रोककर मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने वाहन चालकों को समझाया कि सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने सभी से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट लगाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने की अपील की। कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं सुरक्षित संपन्न कराने के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी गई। पुलिस की इस पहल से जहां कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई, वहीं आम वाहन चालकों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान यातायात उपनिरीक्षक सूबेदार सिंह के साथ होमगार्ड आक्रोश कुमार एवं यातायात पुलिस के जवान मौके पर मौजूद रहे और सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में जुटे रहे।

# तहसील समाधान दिवस में डीएम का सख्त रुख

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिद्धार्थनगर। बांसी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अधिकारियों को जनशिकायतों के निस्तारण को लेकर सख्त निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतकर्ता और विपक्षी दोनों की मौजूदगी में मौके पर जांच कर गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। सिद्धार्थनगर के बांसी तहसील में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता और बांसी विधायक जय प्रताप सिंह की मौजूदगी में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, शिक्षा, पूर्ति समेत विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई हुई। समाधान दिवस में कुल 8 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें 6 मामले राजस्व विभाग और 2 शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित रहीं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों का तीन दिन के भीतर शत–प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। डीएम ने पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों की निस्तारण आख्या का भी अवलोकन किया। कुछ मामलों में तत्काल जिला स्तरीय टीम गठित कर मौके पर जांच कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस के साथ–साथ आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का भी समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कानूनगो और लेखपालों को भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अनिवार्य रूप से तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी विभाग का प्रकरण तहसील दिवस में लंबित नहीं रहना चाहिए। लापरवाही या प्रकरण लंबित पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, समाधान दिवस में कई जिला स्तरीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई।



अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने के साथ एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इनमें जल निगम, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, उद्यान, नगर पालिका, लीड बैंक, शिक्षा, .षि, पंचायत राज और खंड विकास विभाग समेत कई अधिकारी शामिल रहे। कार्यक्रम में डीएफओ नीला एम, पीडी अनिल कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, जिला प्रोवेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, तहसीलदार बांसी, क्षेत्र के थानाध्यक्ष, खंड विकास अधिकारी समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। समाधान दिवस में डीएम का संदेश साफ रहा.जनता की शिकायतों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और समय पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित करना होगा।

# ग्रामीण बैंक शाखा में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

धानेपुर, गोंडा। 80 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा धानेपुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शाखा प्रबंधक अजय कुमार के नेतृत्व में हुआ।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कैप्टन अतुल कुमार सिंह रहे। उन्होंने ध्वजारोहण के उपरांत अपने सेना के कार्यकाल के अनुभव साझा किए तथा स्वतंत्रता दिवस के महत्व और देश की आजादी के लिए वीर सैनिकों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर प्रकाश डाला। कैप्टन अतुल कुमार सिंह ने कहा कि देश की स्वतंत्रता और उसकी एकता–अखंडता को बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित लोगों से राष्ट्रहित में अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक अजय कुमार, सहायक प्रबंधक विनय कुमार, सभासद अखिल कुमार सिंह सहित बैंक कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का माहौल बना रहा।

# खादेमीन इमाम-ए-जमाना की बैठक में कौम के मुद्दों पर चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। छोटा इमामबाड़ा के ट्रस्टी रूम में खादेमीन इमाम–ए–जमाना की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें कौम के अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में कौम के फायदे के लिए कुछ अच्छे और ठोस कदम उठाए जाएंगे उपस्थित मिम्बरान शादाब हैदर अली अब्बास आकिल हुसैन शाहनवाज हुसैन रजा इमाम मजहर हुसैन तौसीफ हुसैन मिसम जैदी ने शिक्षा, रोजगार



और कौम की एकता जैसे विषयों पर भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सभी खादेमीन इमाम–ए–जमाना के मिम्बरों का शुक्रिया अदा किया गया और उम्मीद जताई गई कि आगे भी इसी तरह कौम की बेहतरी के लिए काम किया जाएगा और कौम के हित में जल्द उठाए जाएंगे। ठोस कदम इत्तेहाद, तरक्की और खिदमत हमारा मकसद है।

# सलेमपुर CHC में फार्मासिस्ट गायब, ट्रेनिंग फार्मासिस्ट संभाल रहे जिम्मेदारी

## –65 मरीजों का हुआ उपचार, प्रभारी ने जारी किया नोटिस, मांगा स्पष्टीकरण

संवाददाता कानपुर देहात। राजपुर नगर पंचायत क्षेत्र स्थित सलेमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ब्ब्) में फार्मासिस्ट अरुण कुमार बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इसके चलते केंद्र एक ट्रेनिंग फार्मासिस्ट के भरोसे संचालित हो रहा है। सोमवार को यहां 65 मरीजों का उपचार किया गया। इस मामले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने फार्मासिस्ट को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। सोमवार को ब्ब् में डॉक्टर आरती सागर, डेंटल दीपक कुमार, एक्सीडेंट टेक्नीशियन पिंटू यादव और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कपिल सचान व अजय प्रताप मौजूद रहे। मरीजों में सबसे अधिक खांसी, जुकाम, बुखार और लूज मोशन के मामले सामने आए। जांच–पड़ताल के बाद कुल 65 मरीजों को चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन फार्मासिस्ट अरुण कुमार बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिले। उनकी गैर–मौजूदगी में केंद्र का संचालन तीन ट्रेनिंग फार्मासिस्ट द्वारा किया जा रहा है, जिससे व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. शैलेश आचार्य ने बताया कि उन्हें इस संबंध में जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि जांच–पड़ताल के बाद फार्मासिस्ट अरुण कुमार को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में बढ़ोत्तरी, मजबूत होगी वितरण प्रणाली

## - राशन विक्रेताओं को सरकार की सौगात, लाभांश में हुआ इजाफा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में वृद्धि की घोषणा के अवसर पर विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में देखा एवं सुना गया। सजीव प्रसारण के दौरान मुख्यमंत्री ने उचित दर विक्रेताओं द्वारा जनहित में किए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए उनके लाभांश में की गई वृद्धि की औपचारिक घोषणा की। कार्यक्रम में बताया गया कि उचित दर विक्रेताओं को अब प्रति क्विंटल 125 रुपये लाभांश मिलेगा, जबकि पूर्व में यह राशि 90 रुपये प्रति क्विंटल थी। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी ढंग से राशन पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। राशन विक्रेताओं के लाभांश में वृद्धि से उनका मनोबल बढ़ेगा और सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अधिक सु.ढ़ होगी। उन्होंने अन्नपूर्णा भवन संचालकों से ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जैसा अन्न खाएंगे, वैसा ही मन और विचार बनेंगे। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद की सभी उचित दर दुकानों के माध्यम से ई–पॉस मशीनों से पारदर्शी एवं बायोमेट्रिक आधारित वितरण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे प्रत्येक पात्र लाभार्थी को उसका पूरा खाद्यान्न सुगमता से प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर तकनीक के माध्यम से राशन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 105 अन्नपूर्णा भवन संचालित हैं, जबकि 150 अन्नपूर्णा भवन प्रस्तावित हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष प्रस्तावित अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा भवनों के संचालन से उचित दर विक्रेताओं के सम्मान में वृद्धि हुई है और शिकायतों का न होना एक बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम के अंत में उत्.ष्ट कार्य करने वाले उचित दर विक्रेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, हरी नारायण बाजपेयी, जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी



शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, अपर जिलाधिकारी बिपिन कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## कोटेदारों के कमीशन में वृद्धि संघर्ष की जीत, संगठन ने जताया आभार

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोटेदारों के कमीशन में वृद्धि की घोषणा का ऑल इंडियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन ने स्वागत किया है। संगठन ने इसे



प्रदेश के कोटेदारों के लंबे संघर्ष और एकजुटता की जीत बताया है। एसोसिएशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी रविन्द्र यादव ने कहा कि आर्थिक तंगी, बढ़ती महंगाई और कम कमीशन की समस्या के बावजूद कोटेदार लगातार अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे। संगठन के नेतृत्व में सरकार के समक्ष कोटेदारों की समस्याओं और मांगों को लगातार प्रभावी ढंग से उठाया गया। उन्होंने इस संघर्ष में प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी, प्रदेश महासचिव अशोक सिंह तथा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष  गिरीश तिवारी के नेतृत्व और निरंतर प्रयासों के लिए साधुवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन ने कोटेदारों की आवाज को मजबूती से सरकार तक पहुंचाया। रविन्द्र यादव ने प्रदेश के सभी कोटेदारों को कमीशन में वृद्धि की घोषणा पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके परिश्रम, धैर्य और संगठन की एकजुटता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संगठन का लक्ष्य अभी पूरा नहीं हुआ है। 200 रुपये प्रति क्विंटल कमीशन की मांग को लेकर संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। संगठन को उम्मीद है कि सरकार कोटेदारों की इस मांग पर भी शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी।वही कोटेदारों के लाभांश बढ़ोतरी को लेकर मिश्रिख तहसील में भी मिश्रिख विधायक राम.ष्ण भार्गव, मुनेंद्र अवस्थी ,मिश्रिख एसडीएम सहित तमाम तमाम कोटेदार बंधु उपस्थित रहे।

## तहसील दिवस में 21 शिकायतों में 3 का हुआ डिस्पोजल

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। लहरपुर तहसील में सोमवार को तहसील सभागार में तहसील दिवस का आयोजन तहसीलदार मनीष त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से



कुल 21 शिकायतें दर्ज की गईं। राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से विकास विभाग से, पूर्ति विभाग से और बाढ़ कार्य खंड से शिकायत प्राप्त हुई। इनमें से मात्र 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया। मनीष त्रिपाठी ने  सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें, जिससे शिकायतकर्ताओं को बार–बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस कार्यक्रम में तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के तहत पुलिस द्वारा थाना वैदपुरा क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं अन्य उपस्थित लोगों को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के



प्रति जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इस दौरान साइबर अपराध से बचाव के उपाय भी बताए गए। पुलिस ने लोगों को अज्ञात व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा न करने, संदिग्ध ा लिंक पर क्लिक न करने तथा ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की।त्र कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूकता पंपलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा और जनजागरूकता के लिए लगातार अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

# खुलासा : भरण-पोषण के आदेश से क्षुब्ध पति ने पत्नी व सास की कराई हत्या

### - पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी गिरफ्तार, 2.31 लाख रुपये, तमंचा व कारतूस बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना भरथना क्षेत्र के ग्राम चन्देठी में दो महिलाओं की हत्या के मामले का पुलिस ने महज चार घंटे में सफल अनावरण कर दिया। पुलिस ने घटना में शामिल एक आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरतार किया है। गिरतार आरोपी की पहचान मुकेश यादव निवासी ग्राम नगला तुला, थाना कुर्रा, जनपद मैनपुरी के रूप में हुई है। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाल रंग की स्कूटी, 2 लाख 31 हजार रुपये नकद, 315 बोर का तमंचा, तीन जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर की गई हत्या पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी मुकेश ने बताया कि उसकी मुलाकात अपने मौसेरे जीजा सत्येन्द्र उर्फ करिया से इटावा न्यायालय में हुई थी। सत्येन्द्र का विवाह चन्देठी निवासी मंजू से हुआ था और दोनों के बीच वैवाहिक विवाद चल रहा था। न्यायालय द्वारा सत्येन्द्र को पत्नी को भरण–पोषण के लिए सात हजार रुपये प्रतिमाह देने का आदेश दिया गया था। इसी से क्षुब्ध होकर सत्येन्द्र ने पत्नी



मंजू और अपनी सास की हत्या की योजना बनाई। आरोप है कि 15 अगस्त को मुकेश और सत्येन्द्र योजना के तहत चन्देठी पहुंचे। मुकेश ने दोनों महिलाओं को नशीला पदार्थ मिली कोल्ड ड्रिंक पिला दी, जिससे वे बेहोश हो गईं। इसके बाद सत्येन्द्र घर में दाखिल हुआ और दोनों ने मिलकर सास के हाथ–पैर बांध दिए। पुलिस पूछताछ के मुताबिक सत्येन्द्र ने चाकू से सास की हत्या कर दी, जबकि बाद में दरांती से अपनी पत्नी मंजू की भी हत्या कर दी। वारदात के बाद सत्येन्द्र ने मुकेश को फरार होने के लिए ढाई लाख रुपये दिए। मुठभेड़ में पैर में लगी गोली घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव सहित पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना के खुलासे के लिए एसओजी, सर्विलांस और थाना भरथना पुलिस की टीमें गठित की गईं। लगातार संदिग्ध ों से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान पुलिस को मुकेश यादव के जारपुरा से साम्हों की ओर जाने की सूचना मिली। पुलिस ने चेकिंग शुरू की। इसी दौरान लाल स्कूटी सवार मुकेश को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन उसने भागने की कोशिश करते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में गोली उसके दाहिने पैर में लगी। घायल अवस्था में पुलिस ने उसे गिरतार कर लिया। उसके पास से तमंचा, कारतूस और नकदी बरामद हुई। पुलिस ने गिरतार आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजते हुए मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना में शामिल दूसरे आरोपी सत्येन्द्र की गिरतारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस टीम में एसओजी व सर्विलांस टीम तथा थाना भरथना के प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह मय टीम शामिल रहे।

# समाधान दिवस में छाई जमीन संबंधी शिकायतें

### - डीएम ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में





तहसील चकरनगर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधि ाकारी ने फरियादियों की शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागीय अधि ाकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अधि ाकारी संबंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनें और समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रकरणों की गंभीरता से जांच करने तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गांवों के भ्रमण के दौरान अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें और लाभार्थियों से योजनाओं के संबंध में फीडबैक भी लें, जिससे योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र लोगों तक पहुंचना सुनिश्चित हो सके। संपूर्ण समाध ाान दिवस में विभिन्न मामलों से संबंधित कुल 29 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें मौके पर 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधि ात अधिकारियों को सौंपते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें जमीन संबंधी प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में देरी के कारण का स्पष्ट उल्लेख किया जाए। साथ ही सभी प्रकरणों का अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी अभय राय ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध यक्षों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता को लेकर शासन स्तर से शिकायतकर्ताओं से फीडबैक भी लिया जा रहा है, इसलिए प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चकरनगर रोहित मौर्या, तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में वांछित बदमाश गिरफ्तार, तमंचा व डीसीएम बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। बकेवर थाना पुलिस ने चोरी और पुलिस मुठभेड़ के मामले में वांछित एक अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरतार किया है। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ में अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में गिरतार कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। उसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, खोखे, एंड्राइड मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त टाटा डीसीएम बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक 15 अगस्त को जीतपाल सिंह पुत्र राकेश बाबू निवासी लोहिया नगर, थाना बकेवर ने तहरीर दी थी कि 14 अगस्त की रात उनके निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोर करीब 1.25 कुंतल लोहे की सरिया चोरी कर ले गए। इस संबंध में थाना बकेवर में मुकदमा संख्या 239/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में 15 अगस्त को संदीप उर्फ कल्लू, नईमुद्दीन उर्फ नईम और अशोक कुमार को पुलिस मुठभेड़ में गिरतार कर जेल भेजा जा चुका है। 16 अगस्त को बकेवर पुलिस लुधियानी से निवाड़ी कला जाने वाले मार्ग पर लालाराम इंटर कॉलेज तिराहे के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान निवाड़ी कला की ओर से एक टाटा डीसीएम आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया तो चालक ने पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने का







प्रयास किया। पुलिस टीम ने पीछा किया तो चालक ने डीसीएम को कच्चे रास्ते में उतार दिया और झाड़ियों की आड़ लेकर दोबारा पुलिस टीम पर फायरिंग की। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगी। घायल अभियुक्त की पहचान सोनू पुत्र कन्हई सिंह निवासी पुरवा फकीरे, थाना सहायल, जनपद औरैया, उम्र करीब 27 वर्ष के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, एक एंड्राइड मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त टाटा डीसीएम बरामद हुई। डीसीएम को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि गिरतार अभियुक्त के विरुद्ध बकेवर थाने में मुकदमा संख्या 242/2026 धारा 109(1) बीएनएस तथा ध ारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजी.त कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरतार अभियुक्त सोनू के विरुद्ध के विभिन्न थानों में हत्या, डकैती प्रभावी क्षेत्र अधि ानियम, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट सहित कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। वह थाना बकेवर में दर्ज चोरी तथा पुलिस मुठभेड़ से संबंधि ात मुकदमों में भी वांछित था।

कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अध ाीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अध ाीक्षक ग्रामीण श्रीशचन्द्र के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी भरथना रामदवन मौर्य के नेतृत्व में थाना बकेवर पुलिस ने की। पुलिस टीम में थानाध यक्ष विपिन मलिक सहित थाना बकेवर पुलिस टीम शामिल रही।

## प्रभात फेरी निकालकर धूमधाम से मनाया स्वतंत्रा दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज मोहल्ला बेहटी में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन तथा वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी आशीष कुमार शुक्ल के द्वारा



राष्ट्र की शान राष्ट्रध्वज को फहराया गया। उनके साथ अमित पुरी, समाजसेवी हरीश रस्तोगी गोलू भइया तथा विद्यालय के प्रध ाानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। इसके उपरांत बच्चों द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से प्रभातफेरी निकाली गई जिसमें गगनभेदी नारों से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो गया। प्रभातफेरी का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक सेविकाओं ने किया तदुपरांत विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्.तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। मुख्य अतिथि ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में उत्.ष्ट गृह कार्य करने वाले बच्चों में आयुष कश्यप, अंशू पटेल, प्रखर, पूर्वी रस्तोगी, आरवी वर्मा, नैना, प्रांशी, नम्रता, माही, अमन मिश्रा, हर्षित कश्यप, राजगोस्वामी अनुष्का, आयुष गोस्वामी, ज्योति, अंशिका मिश्रा, आकर्ष स्मृति, नंदनी आरती, अंशिका शुक्ला, निष्ठा, मुस्कान, अंश मिश्रा, शिवानी गोस्वामी, काजल जायसवाल तथा शीबा को पुरस्.त किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षकाएं, पत्रकार गार्गी प्रसाद मिश्र, सम्मानित अभिभावक गण उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार पुरी ने फोन द्वारा सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक विजय कुमार निगम ने किया। अंत में सभी को मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

## 2.5 कि0ग्रा0 अफीम के साथ एक नेपाली अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं



क्षेत्राधिकारी नानपारा चित्रांशु गौतम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम को मिली सफलता।

भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में थाना रुपईडीहा पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान चेक पोस्ट कस्बा रुपईडीहा के पास एक संदिग्ध महिला से पूछताछ व तलाशी ली गयी तो अभियुक्ता की पहचान मनपुरा बुद्धा पुत्री चिज बदामगर उम्र करीब 65 वर्ष निवासी थबांग वार्ड न0 5 रालपा राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई जिसके कब्जे से 2.5 कि0ग्रा0 नाजायज अफीम बरामद किया गया। बरामदगी के आध ाार पर थाना रुपईडीहा पर मु0अ0सं0 225/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजी.त कर अभियुक्ता की गिरतारी की गयी तथा नियमानुसार उक्त अभियुक्ता को न्यायालय रवाना किया गया।

## बच्चों ने रैली निकालकर लगाए देशभक्ति नारे

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। चिल्ड्रेन पैराडाइज कॉन्वेंट स्कूल द्वारा संचालित मदरसा रिजवानुल उलूम मोहल्ला चौपड़ी टोला में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों ने रैली निकालकर देशभक्ति नारे लगाकर किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी एडवोकेट महजबी एवं एहतिशाम बेग द्वारा राष्ट्र की शान राष्ट्रध्वज को फहराया गया। उनके साथ विद्यालय स्टाफ शिक्षक सैफ गौरी, इकरा खान, रहनुमा खान, इल्मा खान, नाजिया खान, रहनुमा, जेबा, रुश्दा तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। इसके उपरांत बच्चों द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से प्रभातफेरी निकाली गई जिसमें गगनभेदी नारों से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो गया। प्रभातफेरी का संचालन सहायक अध्यापक मनीष नाग ने किया तदुपरांत विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्.तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। अंत में सभी को मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

## मृत मासूम के परिवार की मदद को आगे आई वानर सेना

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। महसी तहसील के टिकुरी गांव में मगरमच्छ के हमले में जान गंवाने वाले मासूम सुनील सिंह के परिवार की मदद को सामाजिक संगठन वानर सेना आगे आया। संगठन के संरक्षक अजीत सिंह की अपील पर सदस्यों ने सहयोग राशि पीड़ित परिवार के खातों में भेजी। परिजनों व ग्राम प्रधान संजय कुमार त्रिवेदी ने संगठन का आभार जताते हुए पहल की सराहना की।

## कंपोजिट विद्यालय जमैयतपुर में बच्चों का किया सम्मान

### – शिक्षा मनुष्य का बेहतरीन आभूषण : सतीश कुमार

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। स्थानीय ब्लॉक खैराबाद के कंपोजिट विद्यालय जमैयतपुर में आयोजित स्टार ऑफ द मंथ कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी खैराबाद सतीश कुमार मिश्र ने माह जुलाई में शत प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्रों माही प्रियांशी कान्हा हरिओम शिफा आदित्य आरोही शोभित रिमझिम शिवांश कनक शिवम सलोनी





आकाश नेहा निहारिका अनन्या रुबीना सूर्यांश सोनिक अंशिका जायसवाल आशुतोष विशाल संजना दुर्गा शिवानी सबिया को प्रमाण पत्र, स्टेशनरी एवं स्टार ऑफ द मंथ के बैज लगाकर सम्मानित किया। श्री मिश्र ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की इन बच्चों में असीम प्रतिभा है। सभी बच्चे सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में जरूर प्रतिभाग करें तथा उसका लाभ उठाएं, खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में मेन्यू के अनुसार निर्मित स्वादपूर्ण तहरी का बच्चों के साथ बैठकर खाने का आनंद लिया। बच्चों द्वारा प्रकाशित उनके अपने प्यारे समाचार पत्र बाल मित्र के 212 वें अंक का शानदार विमोचन किया तथा बच्चों के द्वारा अखबार में साझा की गई मौलिक रचनाओं उनके द्वारा बनाए गए चित्रों की सराहना की। विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कर उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की तथा भविष्य के लिए सकारात्मक निर्देश भी प्रदान किये। प्रभारी प्रधानाध्यापक योगेंद्र पांडेय ने इस अवसर पर सभी का आभार व्यक्त किया जबकि विद्यालय स्टाफ में ममता अग्निहोत्री, अर्चना मिश्रा, महिमा दीक्षित, रागिनी श्रीवास्तव, स्मिता गुप्ता, तहरुन्निसा, कौशल किशोर त्रिपाठी, शिल्पी मिश्रा, पूजा देवी, मनोज कुमार, गीता देवी आदि उपस्थित रहे।

## पढ़ने की उम्र में कूड़ा बीन रहे मासूम, जिम्मेदार बेखबर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पयागपुर बस स्टॉप और थाना परिसर के पास 8 से 10 वर्ष के बच्चे सड़क किनारे कूड़ा बीनते नजर आ रहे हैं। बच्चे प्लास्टिक बोतल व कबाड़ बेचकर रोजाना करीब 20–25 रुपये कमाते हैं। बच्चों ने बताया कि पिता के कहने पर वे काम करते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से संज्ञान लेकर बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कर विद्यालय से जोड़ने और परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है।

## सावन में प्रकृति की सुंदरता के साथ शिवभक्ति का संगम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भागवत कथा व्यास पंडित संतकुमार पांडे त्यागी ने कहा कि सावन मास प्र.ति की हरियाली और भगवान शिव की आराधना का अद्भुत संगम है। इस दौरान पयागपुर के बागेश्वर नाथ, झारखंडी व सोमनाथ शिव मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक और पूजा–अर्चना होती है। सावन में हरियाली तीज, नाग पंचमी और रक्षाबंधन जैसे पर्व भी मनाए जाते हैं।

## नागपंचमी पर आस्था का अद्भुत संगम

### – भाजपा जिलाध्यक्ष के आवास पर बनाए 11 हजार शिवलिंग

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। नागपंचमी के पावन पर्व पर जिले में धार्मिक आस्था और भक्ति का अनूठा नजारा देखने को मिला। भाजपा जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा के आवास पर श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ 11 हजार शिवलिंगों का निर्माण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान भोलेनाथ की पूजा–अर्चना की। सुबह से ही आवास पर धार्मिक



माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने विधि–विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंगों का निर्माण कर भगवान शिव का पूजन किया। नागपंचमी के अवसर पर भगवान शिव एवं नाग देवता की आराधना करते हुए परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख–समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की गई। 11 हजार शिवलिंगों का निर्माण धार्मिक आयोजन का विशेष आकर्षण रहा। श्रद्धालुओं में भगवान शिव के प्रति गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला। पूजन के दौरान हर–हर महादेव और भगवान शिव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। भाजपा जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा ने नागपंचमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय सं.ति में पर्व–त्योहारों का विशेष महत्व है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और सनातन सं.ति के प्रति आस्था को मजबूत करते हैं। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से सभी के सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजन–अर्चन किया। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। नागपंचमी के अवसर पर आयोजित इस विशेष धार्मिक कार्यक्रम ने क्षेत्र में लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना।

# कोटेदारो के लिए बड़ी खुशखबरी, लाभांश में बढ़ोत्तरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिद्धार्थनगर। जिले के राशन कोटेदारों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित लोकभवन से नई प्रणाली, लाभांश वृद्धि से उल्लास कार्यक्रम के तहत उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में बढ़ोतरी की घोषणा की। अब राशन कोटेदारों को 90 रुपये प्रति कुंतल के स्थान पर 125 रुपये प्रति कुंतल लाभांश मिलेगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सिद्धार्थनगर कलेक्ट्रेट सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या, नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष गोविन्द माधव और जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन समेत अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने देखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में करीब 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। उज्ज्वला योजना के तहत 2 करोड़ परिवारों को गैस कनेक्शन तथा 1.53 करोड़ लोगों को निःशुल्क विद्युत



कनेक्शन दिया गया है। प्रदेश में करीब 10 हजार अन्नपूर्णा भवन बन चुके हैं। वर्ष 2026–27 के बजट में अन्नपूर्णा भवनों के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने राशन कोटेदारों के सम्मान को बढ़ाते हुए कहा कि अब उन्हें केवल कोटेदार नहीं, बल्कि अन्नपूर्णा भवन संचालक के नाम से जाना जाएगा। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या और नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द माधव का पुष्प एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पारदर्शी तरीके से पहुंच रहा है और राशन वितरण में ई–पॉश मशीन के इस्तेमाल से व्यवस्था में सुधार हुआ है। नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द माधव ने लाभांश बढ़ाए जाने को कोटेदारों के लिए मुख्यमंत्री की ओर से बड़ा उपहार बताया। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि ई–पॉश मशीन के माध्यम से खाद्यान्न वितरण होने से शिकायतों में कमी आई है। आने वाले समय में पूरे जनपद में अन्नपूर्णा भवन विकसित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान डीसी मनरेगा संदीप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, विधानसभा कपिलवस्तु क्षेत्र के कोटेदार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्मृति ईरानी के राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने पर जश्न

### - कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जताई खुशी, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दी बधाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

शुकुल बाजार, अमेठी। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति जुबीन ईरानी को पार्टी का राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने की घोषणा से जनपद में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन में अमेठी के गौरव और कार्यकर्ताओं के लिए उत्साहवर्धक अवसर बताते हुए जगह–जगह बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जिला मुख्यालय सहित विभिन्न मंडलों में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्मृति ईरानी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। शुकुल बाजार कस्बे में विशेष उत्साह देखने को मिला। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पांच बार जिला उपाध्यक्ष रह चुके गिरीश चंद्र शुक्ला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया तथा एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान वातावरण भाजपा के नारों और उत्साह से गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्मृति ईरानी का राष्ट्रीय स्तर पर संगठन में महत्वपूर्ण दायित्व संभालना अमेठी के लिए गौरव का विषय है। भाजपा नेताओं ने कहा कि स्मृति ईरानी ने अमेठी के विकास, जनसरोकारों और संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी कार्यशैली, संगठनात्मक क्षमता और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद उन्हें पार्टी के भीतर एक प्रभावशाली नेतृत्व के रूप में स्थापित करता है। राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में उनकी नई जिम्मेदारी से भाजपा संगठन को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, उद्योगपति एवं वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह, विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक एवं शुकुल बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, पत्रकार सुशील कुमार





मिश्रा, शंकर बक्श सिंह, संजय कौशल, मनोज शर्मा, रामकुमार, रमेश शुक्ला, राजीव पांडे, विश्व प्रकाश शुक्ला, विजय गुप्ता, विनय चौरसिया, अरुण शंकर शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि स्मृति ईरानी को मिली यह जिम्मेदारी अमेठी के प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिए गर्व और उत्साह का विषय है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

# नागपंचमी पर धूमधाम से निकली शोभा यात्रा

### - रामकुंड व रहेलिया मेले में उमड़े श्रद्धालु
### - रहेलिया दंगल में पहलवानों ने दिखाए करतब

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। नाग देवता के सम्मान में मनाए जाने वाले पर्व नागपंचमी में सोमवार की



सुबह से ही श्रद्धालुओं ने अपने अपने घरों में सारी तैयारियों को पूर्ण करते हुए विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। दोपहर बाद चौरसिया समाज के अलावा नाग भक्तों ने पान मंडी से शोभा यात्रा निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नागोरिया मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। वहीं नागपंचमी के दिन शहर के रामकुंड और ग्राम रहेलिया में मेले का आयोजन किया गया, जहां पर बारिश के बीच ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा शहरी लोगों ने पहुंचकर मेला का आनंद लिया साथ ही रहेलिया में आयोजित दंगल प्रतियोगिता में दर्शकों ने पहलवानों की जोर आजमाईश देख दंगल का लुत्फ भी लिया। नाग पंचमी त्योहार पर घरों के अलावा नागौरिया मंदिर में श्रद्धालुओं ने नाग देवता की पूजा अर्चना कर सुख सवृद्धि की प्रार्थनाएं की गई। नाग देवता की पूजा के लिए सुबह से ही नागौरिया मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। मंदिर परिसर में हवन, भजन, कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। गोखारगिरि स्थित नागौरिया मंदिर में नाग पंचमी के दिन एक अलग नजारा देखने को मिला। सोमवार की दोपहर चौरसिया समाज और श्रद्धालुओं ने शहर की पान मंडी से शोभा यात्रा निकाली, जो सुभाष पुलिस चौकी, ऊदल चौक, आल्हा चौक, तहसील चौराहा, मुख्य बाजार सहित अन्य परम्परागत मार्गों से होते हुए प्राचीन नागोरिया मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में नाग कन्याए वीर कालू मामा, नाग बाबा आदि की झांकियां शामिल रही और सबसे आगे अश्व नृत्य व बैंडबाजों की धुन पर युवा थिरकते चल रहे थे। झांकी में लोग हाथों में नाग देवता और पान के चिन्ह बने हुए झंडे लेकर चलते दिखाई दिए। नागपंचमी पर निकाली गई शोभा यात्रा के समापन के बाद सभी लोग मूर्ति लेकर नागौरिया मंदिर पहुंचे, जहां पर पूजा अर्चना करने के बाद देर शाम को वापस घर लौटे। नागपंचती पर्व के मौके पर रामकुंड में भी भव्य मेले आयोजन किया गया, जहां पर झूले और दुकानों को सजाया गया। महिलाओं ने दुकानों से खरीददारी की और बच्चों ने झूलों का आनंद उठाया। वहीं ग्राम रहेलिया में भी मेला का आयोजन किया गया जहां पर दंगल प्रतियोगिता का दर्शकों ने आनंद लिया। जिले में नाग पंचमी का एक अलग ही महत्व है। आल्हा ऊदल की वीरता के साथ महोबा जिला अपने देसावरी पान के लिए देश में ही नहीं विदेश में जाना जाता है। पान की खेती करने वाले चौरसिया समाज के लोगों का मानना है कि नाग देव पान बेल की रक्षा करते है, इसलिए नाग देवता उनके आराध्य के रुप में पूजे जाते हैं, जिस कारण जिले के अलावा बुंदेलखंड में नाग पंचमी पर्व की विशेष महत्व है।

## आयुक्तखाद्य व रसद विभाग की बैठक संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उ०प्र० जवाहर भवन के पत्रांक–3512/आ०पू०रा०–लाभांश भुगतान/2025 15 अगस्त के द्वारा मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लोक भवन सभागार में उत्तर प्रदेश में कार्यरत समस्त उचित दर विक्रेताओं को राज्य सरकार के बजट से अतिरिक्त लाभांश वितरण की घोषणा विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके क्रम में विधानसभा महोबा में सजीव प्रसारण एल०ई०डी० के माध्यम से नवीन कलेक्ट्रेट सभागार



में आयोजित किया गया। जिसमें विधानसभा महोबा के समस्त उचित दर विक्रेताओं की उपस्थित हुआ। उक्त कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) इन्द्र नंदन सिंह तथा नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुखबीर सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उपस्थित हुए। इसी क्रम में विधान सभा चरखारी के चरखारी ब्लॉक सभागार में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जितेन्द्र सिंह सेंगर एम०एल०सी०, सीमा कुशवाहा ब्लॉक प्रमुख, नोडल अधिकारी उपायुक्त मनरेगा अशोक कुमार, खण्ड विकास अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक चरखारी तथा पूर्ति निरीक्षक कुलपहाड़ एवं विधानसभा चरखारी के उचित दर विक्रेताओं उपस्थित रहे। इसके साथ कार्यक्रम कें सफल संचालन हेतु कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उपायुक्त मनरेगा एवं उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण द्वारा मुख्यमंत्री द्वारा उचित दर विक्रेताओं के लाभांश 90 रू0 प्रति कुन्टल से बढा कर 125 रू0 प्रति कुन्टल किया गया।

## बीएसएनएल ने लांच किया आजादी प्लान 2.0

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उप मंडल अभियंता (मोबाइल सर्विसेज) बीएसएनएल मुनीष पाण्डेय ने बताया कि स्वंत्रता दिवस के अवसर पर बीएसएनएल द्वारा लांच आजादी प्लान 2.0 एवं अन्य जनकेंद्रित योजनाओं का शुभारम्भ किया गया है। भारत संचार निगम लिमिटेड ने स्वंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर अपने उपभोक्ताओं को उपहार देते हुए एक बार फिर से आजादी प्लान 2.0 के तहत सिर्फ 1 रुपये में 24 दिनों तक असीमित कालिंग की शानदार सुविधा दी जा रही है। साथ ही वार्षिक प्लान 2399 में 47 दिनों की वैधता बढाकर 412 दिन कर दी गयी है जिसमें 2 जीबी डाटा व 100 एसएमएस की सुविधा प्रतिदिन मिलेगी। श्री पाण्डेय ने बताया कि स्वदेशी 4जी तकनीक से लैस बीएसएनएल अब गांवों से लेकर शहरों तक अपनी बेहतरीन सेवाएं प्रदान कर रहा है। भारत सरकार की डिजिटल भारत निधि के माध्यम से जनपद बहराइच एवं श्रावस्ती के दूर दराज के सीमावर्ती इलाकों में अब तक 12 नए टावर लगाकर 4जी की सेवाएं दी जा रही हैं। अन्य स्थानों जहाँ पर अभी तक 4जी की सेवाएं नहीं पहुंची हैं वहां भी बीएसएनएल द्वारा टावर लगाने की प्रक्रिया चल रही है। आगामी कुछ महीनों में इस परियोजना के तहत 30 से अधिक टावर लगाने की कार्ययोजना पर काम चल रहा है। इसी प्रकार घर घर ब्रॉडबैंड की पहुँच को सरल बनाने के लिए इस राष्ट्रीय पर्व पर फाइबर कनेक्शन 259 रूरल एंट्री प्लान की शुरुवात की गयी है जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन पर 25 एमबीपीएस स्पीड, असीमित कालिंग, फ्री मॉडम एवं फ्री ओटीटी जैसी सुविधाएं मिलेंगी। बीएसएनएल की इस नई योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बीएसएनएल के सहायक महाप्रबंधक राम प्रकाश मौर्या द्वारा बताया गया कि 14 एवं 15 अगस्त 2026 को बहराइच एवं श्रावस्ती जिलों में बीएसएनएल कर्मचारियों एवं चौनल पार्टनर्स द्वारा विभिन्न स्थानों पर मेलाध्कैंप आयोजित उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। श्री मौर्या ने बताया कि यह विशेष योजना केवल 12 सितम्बर 2026 तक ही लागू है। कोई भी उपभोक्ता नजदीकी बीएसएनएल ग्राहक सेवा केंद्र या किसी भी मान्यता प्राप्त रिटेलर से संपर्क करके इस आकर्षक योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देश में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को करने वाले वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरतारी तथा अवैध शस्त्रों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधि



कारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा गठित उ0नि0 मलखान सिंह मय हमराह हे0कां0 शिवप्रताप सिंह, कां0 प्रशान्त कुमार व कां0 नीरज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त प्रदीप कुमार पुत्र स्व0 चन्द्र किशोर चौबे निवासी मो0 नरैइयापुरा कस्बा जैतपुर (बेलाताल) थाना कुलपहाड़ के कब्जे से तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये मो0 मस्तयाना जैतपुर थाना कुलपहाड के पास से नियमानुसार गिरतार किया गया। गिरतारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध पंजी.त कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# राशन दुकानदारों को योगी सरकार की बड़ी सौगात

## – लाभांश 35 बढ़ा, अब मिलेगा 125 प्रति कुंतल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उचित दर विक्रेताओं के लिए सोमवार का दिन राहत भरी खबर लेकर आया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के राशन विक्रेताओं के लाभांश में 35 प्रति कुंतल की बढ़ोतरी की घोषणा की है। अब उचित दर विक्रेताओं को 90 के स्थान पर 125 प्रति कुंतल लाभांश मिलेगा। सोमवार को लखनऊ के लोकभवन सभागार से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद की



सभी छह विधानसभाओं में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में देखा और सुना गया। मुख्यमंत्री ने लाभांश बढ़ाने के साथ ही सिंगल स्टेज डोर–स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत ई–पॉश आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली का भी शुभारंभ किया। सरकार के इस निर्णय को उचित दर विक्रेताओं के लिए आर्थिक राहत और व्यवस्था को और पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद उचित दर विक्रेताओं ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए फैसले का स्वागत किया। विधानसभा सदर के विकास खंड तेलियानी में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, पूर्व विधायक विक्रम सिंह और जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की मौजूदगी में देखा गया। विधानसभा अयाह शाह के विकास खंड बहुआ में विधायक विकास गुप्ता, जहानाबाद के विकास खंड खजुहा में विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, बिंदकी के विकास खंड मलवां में विधायक जय कुमार सिंह जैकी और मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की मौजूदगी में कार्यक्रम का प्रसारण हुआ। वहीं विधानसभा खागा के विकास खंड विजयीपुर में ब्लॉक प्रमुख हसवा विकास पासवान तथा विधानसभा हुसैनगंज के विकास खंड हथगाम में पूर्व विधायक रणवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम देखा और सुना गया। लाभांश बढ़ाए जाने की घोषणा के बाद सभी विधानसभा क्षेत्रों में मौजूद उचित दर विक्रेताओं ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि लाभांश में बढ़ोतरी से राशन वितरण व्यवस्था से जुड़े विक्रेताओं को आर्थिक रूप से राहत मिलेगी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), संबंधित उप जिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित पूर्ति विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय भिटौरा में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

## – 452 पंजीकरण, 225 नेत्र रोगियों की जांच के साथ 180 को वितरित किया चश्मा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन के सहयोग से संस्था जन कल्याण महासमिति द्वारा निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन विकास खंड भिटौरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय भिटौरा में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव एवं भाजपा नेता विभाकर शास्त्री व विराज शास्त्री ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में 452 पंजीकरण हुए जिसमें शुगर, हीमोग्लोबिन, बीपी, आंख, कान, टीबी की जांच व एक्स–रे, सिफलिश,




एचआईवी की जांच की गई जिसमें एक एचआईवी रिएक्टिव निकला एवं फिजिशियन ने आवश्यकतानुसार चिकित्सीय परामर्श देते हुए दवाओं का निशुल्क वितरण किया। 225 नेत्र रोगियों की जांच के उपरांत 180 निःशुल्क चश्मा वितरण भी किया गया और जिनको मोतियाबिंद या अन्य समस्याओं हेतु जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जिनके कान में समस्या थी उनको कान की मशीन भी प्रदान की गई। संस्था जन कल्याण महासमिति के सचिव बीपी पाण्डेय ने बताया कि सच्ची समाज सेवा स्वास्थ्य सेवा ही है जिसमें ऐसे बुजुर्गों एवं महिलाओं की सेवा का अवसर मिल जाता है जिनको अस्पताल तक ले जाने वाला कोई नहीं है उनको घर पर सेवा देने का कार्य संस्था कर रही है। नीटू मिश्रा, मनोज श्रीवास्तव, डॉ आदित्य पाण्डेय, ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र गुप्ता, महेन्द्र गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत कर गांव में शिविर आयोजन हेतु धन्यवाद दिया। इस अवसर पर डॉ रतिक गुप्ता, डॉ नीतू, डॉ आदित्य कुमार, डॉ पवन त्रिपाठी, सौरभ सिंह, फार्मासिस्ट नगमा, प्रियंका, स्टाफ नर्स, आदर्श मिश्रा, माया देवी, विनीता देवी, रवींद्र कुमार, मान सिंह उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अजय सिंह चौहान ने दी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करुणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/– में
काण्टेक्ट लेंस मात्र 350/– में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक–राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# अदबो-ए-एहतराम के साथ हुआ डॉ. बन्ने मियां का 29 वां सालाना उर्स

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। शहर के साबितगंज स्थित दरगाह चिश्तिया नईमियां पर हजरत डॉ. एनुन्नईम उर्फ डॉ. बन्ने मियां चिश्ती रह. का दो दिवसीय 29वां सालाना उर्स मुबारक अकीदत और अदबो–ए–एहतराम के साथ सम्पन्न हुआ। उर्स में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अलावा राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचे और मजार शरीफ पर हाजिरी देकर चादरपोशी व दुआएं कीं। उर्स का शुभारंभ बाद नमाज–ए–जौहर कुरआन ख्वानी से हुआ। इसके बाद आस्ताना आलिया समदिया फफूंद शरीफ, औरैया के सज्जादानशीन हजरत सैयद मुहम्मद अख्तर चिश्ती ने मजार शरीफ पर संदल शरीफ एवं चादरपोशी की। इसके बाद जायरीन की ओर से चादर पेश करने का सिलसिला देर तक जारी रहा। दरगाह को रंग–बिरंगी रोशनी से सजाया गया था, जिससे पूरा परिसर आकर्षण का केंद्र बना रहा। जयपुर, आगरा सहित विभिन्न स्थानों से पहुंचे अकीदतमंदों ने मजार शरीफ पर चादर पेश कर अपनी अकीदत का इजहार किया। जश्न–ए–ईद मिलादुन्नबी में अमन–भाईचारे का संदेश बाद नमाज–ए–ईशा जश्न–ए–ईद मिलादुन्नबी की महफिल आयोजित हुई। आस्ताना आलिया समदिया चिश्तिया फफूंद शरीफ के वली अहद हजरत अल्लामा व मौलाना सैयद नवाज अख्तर चिश्ती (चिश्ती मियां) ने सीरत–ए–नबी, दीन–ए–इस्लाम, शिक्षा, अच्छे अख़लाक और देश में अमन–भाईचारे के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार, चरित्र और इंसानियत की सीख हासिल करनी चाहिए। युवाओं को मेहनत और शिक्षा के माध्यम से परिवार, समाज और देश की तरक्की में योगदान देना चाहिए। उन्होंने हजरत डॉ. बन्ने मियां रह. की धार्मिक एवं सामाजिक सेवाओं को याद करते हुए उनकी शिक्षाओं पर अमल करने की अपील की। मौलाना फुरकान रजा, खतीब व इमाम मस्जिद डॉ. बन्ने मियां ने समाज में फैली बुराइयों से बचने तथा मोहब्बत, भाईचारे और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने का संदेश दिया। शबे–बन्दा नवाज में बच्चों ने पेश की नात व मनकबत उर्स के एक दिन पूर्व शबे–बन्दा नवाज की महफिल का आयोजन किया गया। इसमें हजरत बन्ने मियां मस्जिद के मकतब में शिक्षा हासिल करने वाले बच्चों ने नात–ए–पाक और मनकबत पेश की। बच्चों की प्रस्तुतियों को मौजूद अकीदतमंदों ने खूब सराहा और उनकी हौसला–अफजाई की। महफिले समा में सूफियाना कलाम से बांधा समां उर्स के दौरान आयोजित महफिले समा में फफूंद शरीफ के कव्वाल दिलशाद तथा बच्चा पार्टी फिरोजाबाद ने सूफियाना कलाम और मनकबत पेश की। देर रात तक चली महफिल में बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। कुल शरीफ के अवसर पर हजरत सैयद अख्तर मियां सज्जादानशीन ने फातिहा पेश की। इस दौरान देश में अमन–शांति, भाईचारे, खुशहाली और सभी जायरीन के लिए विशेष दुआ की गई। उर्स में शामिल अकीदतमंदों के लिए लंगर की भी व्यवस्था की गई। कई राज्यों से पहुंचे अकीदतमंद डॉ. बन्ने मियां के उर्स में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा जयपुर, लखीमपुर, ग्वालियर, भिंड, झांसी सहित कई स्थानों से जायरीन पहुंचे। अकीदतमंदों ने मजार शरीफ पर हाजिरी देकर चादरपोशी की और मुल्क में अमन व खुशहाली के लिए दुआ मांगी। उर्स के सफल आयोजन में दरगाह से जुड़े खादिमों और जिम्मेदारों ने व्यवस्थाएं संभालीं। बाहर से आने वाले जायरीन के



ठहरने, लंगर और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी इंतजाम किया गया। अंत में दरगाह के मुहम्मद इनाम उल्लाह चिश्ती, मुहम्मद नदीम अहमद बरकाती, मुहम्मद फैसल चिश्ती एवं जुमला खुद्दामान दरगाह चिश्तिया नईमियां ने उर्स में शामिल होने वाले सभी जायरीन, अकीदतमंदों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। दरगाह इंतजामिया ने उर्स के दौरान सहयोग के लिए इटावा शहर प्रशासन एवं कोतवाली पुलिस का भी धन्यवाद किया।

# उत्साह से मनी नाग पंचमी, बच्चों ने कूटी रंग बिरंगी गुड़ियां

## - शहर से लेकर ग्रामीणांचलों तक रहा उत्साह

## - कई स्थानों में लगे मेले में लोगों ने की खरीदारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर समेत पूरे जिले में सोमवार को नाग पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नाग पंचमी के पर्व को कई



स्थानों में कुछ अलग ढंग से मनाने की परम्परा लंबे समय से चली आ रही है। कहीं मंदिर के निकट भव्य गुड़ियों का मेला आयोजित किया गया तो कहीं लोगों ने पूजा अर्चना की। कई मंदिरों को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। वहीं छोटे बच्चों ने कपड़ों से बनाई रंग बिरंगी गुड़ियों को जमकर कूटा और त्योहार मनाया। मेले में भी बच्चों के अलावा बड़ों की भारी भीड़ रही और लोगों ने जमकर खरीदारी भी की। शहर के कई मोहल्लों में मेलों को आयोजन किया गया। यहां नाग पंचमी का त्योहार गुड़िया पर्व के नाम से जाना जाता है। यह त्योहार काफी भव्यता व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। उसी परम्परा के अनुसार कपड़े की रंग बिरंगी गुड़ियों को तैयार करके छोटे बच्चे नीम की सजी धजी डंडी से कूटते हैं। यहां पर भी गुड़ियां कूटने की परम्परा वर्षो से चली आ रही है। बच्चों में इस त्योहार को लेकर काफी उत्साह रहता है। बहुआ, बिंदकी, खागा, जहानाबाद, अमौली, गाजीपुर, असोथर, हुसेनगंज समेत अन्य स्थानों में पर्व में कार्यक्रम आयोजित हुए।

### घरों में बनाए गए पकवान

नाग पंचमी पर ज्यादातर हिन्दू घरों में पकवान बनाए जाते हैं। महिलाएं श्रृंगार के साथ आसपास के मंदिर एवं मेला में शिरकत करती हैं। साथ ही सावन माह होने के चलते त्योहार में झूला झूलने की परम्परा भी है। त्योहार में शहर में तो झूला कहीं नहीं नजर आए लेकिन ग्रामीणांचलों में झूलों की मस्ती देखने को मिली। लोग अपने अपने घरों से रंग बिरंगे कपड़ों की गुड़ियां भी तैयार की गईं। शाम के समय छोटे बच्चे सज धज कर तैयार हुए और उन्होंने पहले से ही तैयार की गईं नीम की हरी डंडी से गुड़ियों को कूटा। कई स्थानों पर गुड़िया कूटने का काम हुआ।

### नाग चतुर्थी में सर्प को पिलाया दूध

नाग पंचमी के एक दिन पूर्व सोमवार की रात नाग चतुर्थी मनाई गई। इस दिन सर्प को दूध पिलाने की परम्परा है। खासकर ग्रामीणांचलों में दोने के दूध घर के बाहर रखा गया। ऐसा माना जाता है कि सर्प आएंगे और दूध पीएंगे। इससे घर की सुख समृद्धि बढेगी। ग्रामीणों की मानें तो ऐसा करने से भगवान शंकर भोले भी खुश होते हैं।

# 31 हजार की आंधी से 8 हजार की जीत तक पलटी सदर की सियासत

## - वर्ष 2027 में दलित वोट बनेगा निर्णायक फैक्टर!

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विधानसभा चुनाव की आहट के साथ फतेहपुर सदर की सियासत में भी हलचल तेज होने लगी है। पिछले दो विधानसभा चुनावों के नतीजे इस सीट के बदलते राजनीतिक मिजाज की कहानी खुद बयां करते हैं। वर्ष 2017 में भाजपा के विक्रम सिंह ने सपा के चंद्र प्रकाश को 31,498 मतों के भारी अंतर से हराकर बड़ी जीत दर्ज की थी, लेकिन महज पांच साल बाद 2022 में पूरा चुनावी गणित पलट गया। सपा के चंद्र




प्रकाश ने वापसी करते हुए भाजपा के विक्रम सिंह को 8,601 मतों से शिकस्त दे दी। दोनों चुनावों के बीच जीत के अंतर में करीब 40,099 मतों का बड़ा बदलाव सामने आया। यही आंकड़ा अब 2027 से पहले सदर विधानसभा की सियासत को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बना हुआ है। दोनों चुनावों के आंकड़ों को एक साथ देखें तो पांच वर्ष में जीत के अंतर की दिशा में 40,099 मतों का बड़ा उलटफेर सामने आता है। यही बदलाव बताता है कि फतेहपुर सदर में मतदाताओं का रुख किसी एक दल के पक्ष में स्थायी मानना राजनीतिक दलों के लिए बड़ी भूल साबित हो सकती है। अब संभावित 2027 विधानसभा चुनाव से पहले सदर की सियासत में दलित मतदाताओं की भूमिका पर चर्चा तेज होना स्वाभाविक है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में दलित मतदाता लंबे समय से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। बसपा का इस वर्ग में परंपरागत प्रभाव रहा है, वहीं भाजपा और सपा समेत अन्य दल भी अपने–अपने सामाजिक समीकरणों को मजबूत करने की कोशिश में जुटे हैं। सदर सीट पर भी दलित मतदाताओं का रुख चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। हालांकि किसी भी सामाजिक वर्ग को एकमुश्त वोट बैंक मानना सही नहीं होगा। स्थानीय मुद्दे, प्रत्याशी की छवि, विकास कार्य, रोजगार, महंगाई, कानून–व्यवस्था और सरकारी योजनाओं का असर भी मतदाताओं के निर्णय में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

### पीडीए बनाम सामाजिक समीकरणों की भी होगी परीक्षा

2027 के चुनाव में दलित मतदाताओं के साथ पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, युवा और महिला मतदाताओं की पसंद भी महत्वपूर्ण होगी। सपा अपने पीडीए समीकरण को मजबूत करने की कोशिश करेगी, भाजपा अपने सामाजिक आधार को विस्तार देने की रणनीति पर आगे बढ़ सकती है, जबकि बसपा अपने परंपरागत दलित आधार को फिर से सक्रिय करने के प्रयास में रहेगी। कांग्रेस और अन्य दल भी अपने लिए राजनीतिक जमीन तलाशेंगे। ऐसे में चुनाव केवल जातीय समीकरणों का खेल नहीं होगा। प्रत्याशी की व्यक्तिगत पकड़, संगठन की सक्रियता, स्थानीय समस्याएं और जनता के बीच स्वीकार्यता भी परिणाम को प्रभावित करने वाले अहम कारक होंगे।

# सर्पदंश से वृद्ध की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दरियापुर में सोमवार की सुबह खेत में काम करते समय जहरीले सर्प ने 65 वर्षीय वृद्ध को डस लिया। उपचार के लिए सीएचसी ला रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार दरियापुर गांव निवासी स्व0 मंगल प्रसाद का पुत्र कल्लू सोमवार की सुबह खेत में काम करने गया था। इसी दौरान उसे जहरीले सर्प ने डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे उपचार के लिए सीएचसी ला रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर गोली में सोमवार की सुबह सब्मर्सिबल चालू करने गए 27 वर्षीय युवक करंट की चपेट में आ जाने से मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार सलेमपुर गोली गांव निवासी गनेष का पुत्र बुधराम सुबह लगभग छह बजे अपने निजी सब्मर्सिबल चालू करने गया था। जैसे ही उसने स्टार्टर को छुआ करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी मृतक के पड़ोसी रामचन्द्र व फूलचन्द्र ने दी है।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया जौहर

## – महिला आयोग की सदस्य ने विजेताओं को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर ने आईटीआई रोड स्थित एक लान में जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन कराया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति, विशिष्ठ अतिथि महिला थाना प्रभारी संगीता सिंह, विशेष अतिथि चेयरमैन जीपी मिश्रा व मानिक



गुप्ता उपस्थित रहे। शहर के सेंट जेवियर्स स्कूल, मदर सुहाग इंटर कॉलेज, बचपन प्ले स्कूल, डा. वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल आदि के 135 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विजेता ताइक्वांडो खिलाड़ियों को मेडल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसोसिएषन के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करते प्रतीक चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया। कहा कि खेल के प्रति उत्साहवर्धन करने हेतु ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर वचनबद्ध हैं। मुख्य अतिथि आयोग की सदस्य ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते कहा कि लक्ष्य व आत्मशक्ति सदैव जीत की ओर अग्रसित करती है। विशिष्ठ अतिथि ने सभी ताइक्वांडो खिलाड़ियों को बधाई देते कहा कि षहर की पहचान को शिखर प्रदान करने में आप की भूमिका अग्रणी है। सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। विशेष अतिथि ने कहा कि अपनी पहचान इतनी बुलन्द कर लो कि भारतवासी को आप पर गर्व हो। अध्यक्ष ने गार्डेन के प्रबन्धक मानिक गुप्ता के सहयोग हेतु धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर डा वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य सीमा बाजपेई, एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ला, सचिव राजकुमार, उप सचिव भारत वर्मा, रिचा राजपूत, शिव कुमार, उत्कर्ष पटेल, तनुज बाजपेई, मनीषा राजपूत सहित ताइक्वांडो प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कोटेदारों का लाभांश बढ़कर 125 रुपये प्रति कुंतल

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। तहसील नानपारा सभागार में कोटेदारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोटेदारों के लाभांश में वृद्धि किए जाने पर खुशी जताई गई। लाभांश 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल किए जाने पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कोटेदारों को बधाई दी। बैठक में मुख्य रूप से एसडीएम नानपारा प्रकाश सिंह तथा विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा मौजूद रहे। दोनों ने लाभांश वृद्धि को कोटेदारों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए उन्हें बधाई दी और उम्मीद जताई कि इससे सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और बेहतर ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी बलहा राहुल पांडे, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृपाराम वर्मा, शिवपुर ब्लॉक प्रतिनिधि सुधीर कुमार, यज्ञ सैनी, नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख जेपी सिंह सहित आपूर्ति विभाग के निरीक्षक एवं अन्य संबंधित लोग मौजूद रहे। बैठक में राशन वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, पात्र लाभार्थियों को समय से खाद्यान्न उपलब्ध कराने तथा कोटेदारों की समस्याओं पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी एवं बेहतर राशन वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# ओम घाट में उमड़ा आस्था का सैलाब, गंगा में लगाई डुबकी

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। सावन के तीसरे सोमवार पर भिटौरा स्थित ऐतिहासिक ओम घाट हर–हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। भोर होते ही घाट पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया और देखते ही देखते



उत्तरवाहिनी गंगा के तट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। फतेहपुर के साथ आसपास के जनपदों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की।

गंगा स्नान के बाद श्रद्धालु ओम घाट स्थित शिव मंदिर पहुंचे और विधि–विधान से पूजा–अर्चना की। मंदिर में जलाभिषेक और दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। हर–हर महादेव और बम–बम भोले के जयकारों से पूरा घाट भक्तिमय हो गया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों में भगवान शिव की आराधना को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भिटौरा ऋषि भृगु की तपोस्थली रही है। उत्तरवाहिनी गंगा और भगवान शिव की आराधना के चलते ओम घाट का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। यही वजह है कि सावन के प्रत्येक सोमवार को यहां दूर–दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर गंगा स्नान और भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। तीसरे सोमवार को भी देर तक श्रद्धालुओं के आने–जाने का सिलसिला जारी रहा और पूरा क्षेत्र शिवमय नजर आया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 86 शिकायतें, 13 का निस्तारण

## - डीएम ने अफसरों को दी सख्त चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। सोमवार को तहसील बिंदकी के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की मौजूदगी में अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में कुल 86 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 13 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 73 प्रार्थना पत्र संबंधित विभागों को भेजते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य केवल शिकायतें दर्ज करना नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ उनका त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान कराना है। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित किया जाए और निस्तारण की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने तथा मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान .षि, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, सिंचाई, नलकूप और राजस्व समेत विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें आईं। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने 13 मामलों का तत्काल निस्तारण किया। शेष 73 शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित कर समय सीमा के भीतर निस्तारण की जिम्मेदारी सौंपी गई। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल भी लगाए गए। अधिकारियों ने इन स्टॉलों के माध्यम से लोगों को संचालित योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ



लेने के लिए आवेदन भी लिए। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतों का निष्पक्षता और समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी बिंदकी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसी मनरेगा, उप निदेशक .षि, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, एलडीएम, जिला .षि अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, नगर पालिका ईओ, खंड विकास अधिकारी सहित राजस्व, पुलिस और विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## जहरीले कीड़ा काटने से किशोर की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो
खागा, फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र के बरकतपुर गांव में सोमवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। रैदास मोहल्ले में जहरीले कीड़े के काटने से 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर राजस्व टीम गांव पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार बरकतपुर गांव के रैदास मोहल्ला निवासी धनराज का 15 वर्षीय पुत्र गोलू रात में भोजन करने के बाद सोने के लिए चारपाई पर जा रहा था। इसी दौरान किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। कीड़े के काटने के बाद किशोर की हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे उपचार के लिए ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन उसकी हालत लगातार गंभीर होती गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। किशोर की मौत की खबर मिलते ही घर में चीख–पुकार मच गई। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों को दी। सूचना पर राजस्व टीम गांव पहुंची और घटनास्थल व परिजनों से जानकारी लेकर मामले की जांच शुरू की। ग्रामीणों के मुताबिक, गांव में इस घटना से दहशत का माहौल है। लोग जहरीले कीड़े के काटने से हुई किशोर की मौत को लेकर परिजनों में रोकर बुरा हाल है।

## पड़ोसी की दीवार ढहने से चार जख्मी, महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के मसवानी मुहल्ला कालिकन रोड में सोमवार की सुबह पड़ोसी की दीवार ढह जाने से दम्पति सहित चार लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दम्पति को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां महिला की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। जिसकी रास्ते में मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मसवानी मुहल्ला कालिकन रोड निवासी अंसार पुत्र बाबू अपनी पत्नी जमीला 40 वर्ष के साथ घर में था। जबकि 22 वर्षीय भतीजा कलीम व 20 वर्षीय अयान मौजूद था। इसी दौरान पड़ोसी इरफान की दीवार उनकी छत पर गिर गई। जिसके चलते अंसार का घर ढह गया। मलबे में दम्पति व भतीजे दब गए। आनन–फानन पास–पड़ोस के लोगों ने जल्दी जल्दी मलबा हटाया और गंभीर घायल दम्पति को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर जमीला को मेडिकल कालेज के लिए रेफर किय गया। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। वहीं मामूली रूप से घायल कलीम ने बताया कि वह व उसका छोटा भाई अयान हादसे में घायल हो गए हैं। पोस्टमार्टम न कराने के चलते घर वाले शव लेकर वापस चले गए।

# मिलावट का बाजार : दाल में कंकर, धनिया में बुरादा

## - मिलावट के खेल से सेहत पर सीधा हमला,- तेल से लेकर पनीर तक में हो रहा लंबा खेल

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। रसोई घर में इस्तेमाल होने वाली खाद्य सामग्री की शुद्धता को लेकर लगातार सवाल लगातार खड़े हो रहे हैं। दाल, मसाले, खाद्य तेल, दूध, पनीर, घी और रोजमर्रा में इस्तेमाल होने




वाली तमाम खाद्य वस्तुओं में मिलावट की शिकायतें सामने आ रही हैं। बाजार में बिकने वाला सामान देखने में सामान्य हो सकता है, लेकिन उसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने के बाद, उपभोक्ता के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह खड़ी हो जाती है कि आखिर भरोसा किस पर किया जाए। दाल खरीदते समय कंकर या दूसरे अवांछित पदार्थ मिल जाना उपभोक्ता के लिए परेशानी की बात है। वहीं पिसे हुए मसालों में मिलावट का पता लगाना और भी मुश्किल होता है। धनिया पाउडर, मिर्च, हल्दी और अन्य दूसरे मसालों में घटिया सामग्री मिलाए जाने की आशंका रहती है क्योंकि पिसे हुए उत्पादों में मिलावट आसानी से नजर नहीं आती है। इसलिए उपभोक्ता अक्सर पैकेट या दुकानदार के भरोसे ही खरीदारी करता है। मिलावट के पीछे अधिक मुनाफा कमाने के लालच को बड़ा कारण माना जा सकता है। किसी खाद्य पदार्थ में सस्ती सामग्री मिलाकर उसकी मात्रा बढ़ा दी जाती है। फिर उसे असली उत्पाद के रूप में बाजार में बेच दिया जाता है। इससे मिलावट करने वाले को लागत कम रखने और मुनाफा बढ़ाने का अवसर मिलता है, जबकि इसकी कीमत उपभोक्ता को अपनी जेब और स्वास्थ्य दोनों से चुकानी पड़ सकती है। खाद्य तेल भी ऐसा उत्पाद है जिसकी गुणवत्ता को लेकर उपभोक्ता आसानी से फैसला नहीं कर सकता है क्योंकि तेल की शुद्धता भी सिर्फ उसे देखकर या स्वाद से अनुमान लगाना मुश्किल होता है। इसी तरह दूध और दूध से बने उत्पादों की गुणवत्ता भी चिंता का विषय रहती है। दूध, पनीर, खोया और घी जैसे उत्पादों की मांग बढ़ने के दौरान मिलावट की आशंका को लेकर उपभोक्ताओं की चिंता और बढ़ जाती है।

### पनीर से मसाले तक निगरानी की जरूरत

पनीर खरीदते समय आम ग्राहक के पास उसकी वास्तविक गुणवत्ता जांचने के सीमित साधन होते हैं। यही स्थिति दूध, घी और कई अन्य खाद्य पदार्थों की है। यदि किसी उत्पाद की गुणवत्ता संदिग्ध है तो उपभोक्ता सामान्य तौर पर केवल शिकायत कर सकता है। इसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम कार्रवाई करते हुए नमूना लेती है और उसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजती है। यहीं से एक महत्वपूर्ण सवाल खड़ा होता है।

### त्योहारों में और बढ़ जाता है मिलावट का धंधा

त्योहारों और मांग बढ़ने वाले अवसरों पर दूध, पनीर, खोया, मिठाई, घी और अन्य खाद्य उत्पादों की खपत बढ़ जाती है। ऐसे समय में खाद्य सुरक्षा विभाग के सामने निगरानी की चुनौती भी बढ़ जाना स्वाभाविक है। बाजार में आने वाली बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री की जांच और संदिग्ध उत्पादों पर तत्काल कार्रवाई महत्वपूर्ण हो जाती है। केवल त्योहारों के समय ही नहीं, बल्कि सामान्य दिनों में भी बाजार की नियमित निगरानी जरूरी है। खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाने, उनकी जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के साथ यह भी देखना जरूरी है कि उपभोक्ता को संदिग्ध खाद्य सामग्री से तत्काल कैसे बचाया जाए।

# बारिश की भेंट चढ़ा संपूर्ण समाधान दिवस

## – फरियादी का रहा टोटा, समाज कल्याण व राजस्व के लगा रहे चक्कर

न्यूज वाणी ब्यूरो
खागा, फतेहपुर। शनिवार को स्वतंत्रता दिवस का अवकाश होने के बाद सोमवार को तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। बरसात के चलते समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या अपेक्षा.त कम रही। अपर जिलाधिकारी विनय पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

हथगाम ब्लॉक के गौसपुर निवासी सुनील सिंह ने राजस्व विभाग से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनके खेत पर दूसरे लोग कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। मामले को लेकर कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने प्रशासन से मौके की जांच कराकर जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग की। इसी तरह कस्बे के अधिवक्ता मुकुल बाजपेई ने अपनी बहन सुधा देवी की पेंशन का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि पेंशन के लिए विभागीय स्तर पर कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने अधिकारियों से मामले की जांच कर पेंशन शुरू कराने की मांग की। समाधान दिवस में अधिकारियों ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बस की टक्कर से ई-रिक्शा सवार बच्चे की मौत, सात घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। बस की टक्कर से ई–रिक्शा सवार सात लोग घायल हो गये, हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हथगाम रोड के पतहापर गाँव के निकट सोमवार को करीब 10 बजे प्राइवेट बस ने ई–रिक्शा में सामने से टक्कर मार दिया। टक्कर से रिक्शा पलट गया। घटना में पलिया गांव के सात लोग घायल हो गये। रिक्शा में हथगाम थाने के पलिया गाँव के गीता देवी (58), केतन शर्मा (25), शालिनी शर्मा (23), अंशी (4), आराधना (6) व पाठक शर्मा की पत्नी लक्ष्मी (30) तथा लक्ष्मी का 2 वर्षीय पुत्र वासु सवार थे। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया। सीएचसी के डॉक्टर उत्कर्ष यादव के मुताबिक लक्ष्मी और उनके पुत्र वाशू की हालत गम्भीर है। जिन्हें सदर अस्पताल रिफर किया गया है। इलाज दौरान वाशु की मौत हो गई। उधर, टक्कर मारने के बाद बस चालक गाड़ी लेकर भाग गया था। ग्रामीणों ने चालक को मथैयापुर चौराहा के पास घेर लिया और पिटाई के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक पाण्डेय ने बताया कि बस चालक को हिरासत में ले लिया गया है। बस थाने में खड़ी करा दी गई है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पलनहा में सोमवार की दोपहर घरेलू कलह के चलते 35 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार पलनहा गांव निवासी रामरूप का पुत्र आशू ने सोमवार की दोपहर घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय

## - तीसरे सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक को उमड़ा सैलाब
## - पूजन कर भोले बाबा को अर्पित किए बेलपत्र, दूध, फल, धतूरा

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। सावन के तीसरे सोमवार को भी जिले के शिवालयों में आस्था उमड़ी। पूजन व जलाभिषेक के लिए भोर पहर से ही भक्त मंदिर पहुंचने लगे। बम–बम भोले व हर–हर महादेव के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, दूध, फल, धतूरा आदि अर्पित कर पूजन किया। मंदिर परिसर एवं घरों में रुद्राभिषेक व धार्मिक अनुष्ठान आयोजित हुए। सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में आस्थावानों की खासी भीड़ उमड़ी। जलाभिषेक के लिए भक्तों को लम्बी लम्बी लाइनों में लग कर इंतजार करना पड़ा। कभी कांवड़ियों का जत्था तो कभी शिव बारात से पूरा क्षेत्र भक्तिमय होता रहा। सावन माह में सोमवार का अलग ही महत्व होता है। इस माह में पड़ने वाले हर सोमवार को शिवालयों में भक्तों



की खासी भीड़ उमड़ती है। महिलाओं और किशोरियों में भी पूजा–अर्चना के लिए खासा उत्साह नजर आता है। शहर के तांबेष्वर मंदिर, मोटे महादेवन, बड़ा शिवाला समेत अन्य शिव मंदिरों में भोर पहर से ही भक्त पहुंचे। महिलाओं समेत अन्य शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के बाद विधि विधान से पूजा–अर्चना की। शिव मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंदिर परिसर से लेकर अंदर तक जवानों की तैनाती रही। पूजा अर्चना का सिलसिला शाम तक चलता रहा। वहीं गंगा घाटों में भी लोग स्नान करने पहुंचे। सिद्धपीठ मंदिर तांबेष्वर में विशाल मेले का भी आयोजन रहा। भक्त पूजा अर्चना के बाद सामानों की खरीदारी की। महिलाएं घर गृहस्थी तो बच्चे खिलौने के लिए रीझते नजर आए। वहीं बच्चों ने लगे झूलों का भी आनंद लिया। दुकानदार भी सामानों के आकर्षित दाम बता कर ग्राहकों को अपनी दुकान की ओर बुलाते रहे।

### कड़ी परिक्रमा के साथ पहुंचे श्रद्धालु

शिवभक्ति के लिए भक्त अलग–अलग तरीके से मंदिर पहुंचे। सोमवार को कई महिला एवं पुरुष भक्त कड़ी परिक्रमा के साथ तांबेष्वर मंदिर पहुंचे। अपनी मान्यता के अनुसार कोई अपने घर से लेटते हुए मंदिर तक का सफर तय किया तो कोई नंगे पैर चलकर मंदिर पहुंच कर भोले बाबा की पूजा अर्चना कर उनकी स्तुति की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखा।

## संगठन मजबूती को लेकर कांग्रेस की कवायत तेज

### – राष्ट्रीय पर्यवेक्षक कर रहे हर ब्लॉक का दौरा

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। जनपद में कांग्रेस पार्टी गांव गांव तक मजबूती को लेकर संगठन सृजन अभियान के तहत जनपद में आये राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों में राष्ट्रीय सचिव बीरेंद्र राठौर, प्रदेश महासचिव कनिष्क पांडेय, प्रदेश चेयरमैन अवनीश सलूजा जिला संगठन के साथ सभी ब्लाकों में जाकर ब्लॉक कमेटियों




से मुलाकात कर पार्टी की वस्तुस्थिति का जायजा ले रहे है।

जहां एक ओर संगठन में आपसी खींचा तानी के चलते विरोधी सक्रिय हैं तो वही दूसरी ओर मौजूदा जिला संगठन जिले में अपनी पैठ मजबूत दिखाने का बराबर प्रयास कर रहा है। इन परिस्थितियों के विपरीत जिले में प्रवास कर रहे पर्यवेक्षक बड़ी संजीदगी के साथ हर पहलू में अपनी नजर गड़ाए हुए प्रतिदिन की रिपोर्ट राहुल गांधी तक पहुंचा रहे है। पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के अतिरिक्त जिले के समाजसेवियों, गणमान्य व्यक्तियों से मिलकर विस्तृत जानकारी निकाल रहे पर्यवेक्षक अब तक चार ब्लाकों का दौरा कर चुके हैं। एक सवाल के जवाब में प्रवेक्षक बीरेंद्र राठौर ने बताया कि उनके द्वारा सभी कांग्रेस जनों से मुलाकात कर पार्टी की स्थिति का आंकलन किया जा रहा है जो जिले में अच्छी नजर आ रही है। पर्यवेक्षकों के साथ जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी, शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा, पार्टी प्रवक्ता ई० देवी प्रकाश दुबे, उपाध्यक्ष कलीम उल्ला सिद्दीकी, अरुण जायसवाल भी मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )